राजस्थान का इतिहास

मध्यकालीन राजस्थान का इतिहास

गंगानगर, हनु, चुरू - बाग
डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ → वागड़

मेवाड़ का इतिहास

मेवाड़ के प्राचीन नाम :-

मेदपाट, प्राग्वाट, शिवी जनपद

गुहिल वंश

- गुहिल वंश की स्थापना गुहिल ने 566 ई. में की थी।
- गुहिल वंश की 24 शाखाएं थी इनमें मेवाड़ के गुहिल सबसे प्रमुख थे।
- गुहिल शासक सूर्यवंशी हिन्दु थे।

1. बापा रावल

वास्तविक नाम - कालभोज

- यह हारित ऋषि का शिष्य था।
- 734 ई. में मान मोर्य को हराकर चित्तौड़ पर अधिकार कर लेता है।
- राजधानी - नागदा (उदयपुर)
- नागदा में एकलिंग मन्दिर का निर्माण करवाया।

* मेवाड़ के शासक स्वयं को एकलिंग जी का दीवान मानते थे।

- बापा रावल मुस्लिम सेना को हराते हुए गजनी तक चला गया था। तथा वहां के राजा सलीम को हरा दिया तथा अपने भांजे को राजा बनाया।
- रावलपिंडी (Pak) शहर का नाम बापा रावल के कारण पड़ा।

फ्रांस का कमांडर

- सी. वी. वैद्य ने बापा रावल की तुलना चार्ल्स मार्टेल से की है।
- मेवाड़ में सोने के सिक्के प्रारम्भ किये। (115 ग्रेन का सिक्का)

उपाधियां - हिन्दू सूरज
राजगुरु
चक्रवै (चारों दिशाओं को जीतने वाला)

2. अल्लट

अन्य नाम - आलु रावल

- आहड़ को दूसरी राजधानी बनाया।
- आहड़ में वराह मन्दिर का निर्माण करवाया। (विष्णु जी का)
- मेवाड़ में नौकरशाही की स्थापना की।
- अल्लट ने हूण राजकुमारी हरिया देवी से शादी की।

3. जैत्र सिंह (1213-50)

भूताला का युद्ध :- जैत्र सिंह V/S इल्तुतमिश
- जैत्रसिंह जीत गया।

- इल्तुतमिश की भागती हुई सेना ने नागदा को लूट लिया था।
- जैत्रसिंह ने चित्तौड़ को नई राजधानी बनाया।
- जयसिंह सूरी की पुस्तक 'हम्मीर मदमर्दन' भूताला युद्ध की जानकारी देती है।
- जैत्र सिंह का शासन काल मध्यकालीन मेवाड़ का स्वर्णकाल था।

4. रतनसिंह (1302-03)

- इसका छोटा भाई कुम्भकरण नेपाल चला गया तथा वहाँ गुहिल वंश की राणा शाखा का शासन स्थापित किया।

अलाउद्दीन खिलजी का चित्तौड़ पर आक्रमण (1303) :-

कारण :- 1. अलाउद्दीन खिलजी की साम्राज्यवादी नीति
2. चित्तौड़ का व्यापारिक तथा सामरिक महत्व
3. सुल्तान के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न (समरसिंह – Tax)
4. मेवाड़ का बढ़ता हुआ प्रभाव
5. पद्मिनी की सुन्दरता

पद्मिनी – सिंहल द्वीप (श्रीलंका) की राजकुमारी थी।

पिता - गन्धर्व सेन
माता – चम्पावती

- राघव चेतन नामक ब्राह्मण ने अलाउद्दीन खिलजी को पद्मिनी के बारे में बताया।
- 1303 में चित्तौड़ का पहला साका हुआ। (पद्मिनी ने 1700 स्त्रियों के साथ जौहर कर आत्मोत्सर्ग किया।)

साका = जौहर + केसरिया (पहले जौहर होता था)

- अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ पर अधिकार कर लिया तथा नाम बदलकर खिज्राबाद कर दिया।
- चित्तौड़ अपने बेटे खिज्र खाँ को दे दिया।
- खिज्र खाँ ने गंभिरी नदी पर पुल बनवाया था।
- खिज्र खाँ ने यहाँ पर मकबरे का निर्माण करवाया। इस मकबरे के फारसी लेख में ~~अलाउद्दीन खिलजी को 'धर्म एवं पवित्रता का अवतार' बताया गया है।~~ ईश्वर की छाया तथा संसार का रक्षक बताया गया।
- थोड़े दिनों बाद चित्तौड़ मालदेव सोनगरा को दे दिया गया। मालदेव सोनगरा को मुँहला मालदेव कहा जाता था।

- गौरा और बादल इस साके में लड़ते हुए मारे गये।
- अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ में 30000 लोगो का कत्लेआम करवाया।
- मलिक मुहम्मद जायसी → पुस्तक → पद्मावत (अवधी भाषा, 1540 में लिखी गई)
- जेम्स टॉड तथा मुहणोत नैणसी ने भी इस कहानी को स्वीकार किया।
- सूर्यमल्ल मीसण ने इस कहानी को अस्वीकार किया।
- अमीर खुसरो की पुस्तक 'खजाइन उल फुतुह' (तारीख ए अलाई) में चित्तौड़ आक्रमण का वर्णन किया गया है।
- रावल उपाधि का प्रयोग करने वाला अन्तिम राजा।
- गौरा - बादल का बलिदान हमें यह सिखाता है कि जब देश पर आपत्ति आये तो प्रत्येक व्यक्ति को अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश - रक्षा में लग जाना चाहिए

5. राणा हम्मीर (1326-64)

- मालदेव सोनगरा के बेटे बनवीर सोनगरा को हराकर मेवाड़ का शासक बना।
- हम्मीर सिसोदा गाँव का था इसलिए यहाँ से गुहिल वंश की सिसोदिया शाखा का राज्य (शासन) प्रारम्भ हुआ।
- सिसोदा गाँव की स्थापना राहप ने की थी।
- हम्मीर ने राणा उपाधि का प्रयोग किया।
- हम्मीर को 'मेवाड़ का उद्धारक' कहा जाता है।
- कुम्भलगढ़ प्रशस्ति में हम्मीर को 'विषम घाटी पंचानन' कहा गया है।

- रसिक प्रिया में हम्मीर को 'वीर राजा' कहा गया है।
- हम्मीर ने चित्तौड़ में बरबड़ी माता का मन्दिर बनवाया। बरबड़ी माता मेवाड़ के गुहिल वंश की इष्ट देवी है।
(बाण माता मेवाड़ के गुहिल वंश की कुलदेवी है।)

(लक्ष सिंह) 6. लाखा (1382 - 1421)

- जावर (उदयपुर) में चांदी की खान प्राप्त हुई।
- एक बन्जारे ने पिछोला झील (उदयपुर) का निर्माण करवाया।
  ↳ घुमक्कड़ व्यापारी
- पिछोला झील के पास 'नटनी का चबूतरा' है
- कुम्भा हाड़ा नकली बूंदी की रक्षा करते हुए मारा गया।



- मारवाड़ के राजा चूंडा की बेटी हंसाबाई की शादी मेवाड़ के राणा लाखा के साथ हुई।
- इस समय लाखा के बेटे चून्डा ने प्रतिज्ञा की कि वह मेवाड़ का अगला राजा नहीं बनेगा। हंसाबाई के बेटे को मेवाड़ का अगला राजा बनाया जाएगा।

☆ चूंडा को 'मेवाड़ का भीष्म' कहा जाता है।
- चूंडा को इस बलिदान के कारण कई विशेषाधिकार दिए गए -

1. मेवाड़ के 16 प्रथम श्रेणी ठिकानों में से चार चूंडा को दिये गये इनमें सलूम्बर (उदयपुर) भी शामिल था।

2. सलूम्बर का सामन्त मेवाड़ का सेनापति होगा।

3. सलूम्बर का सामन्त मेवाड़ के राजा का राजतिलक करेगा।

4. राणा की अनुपस्थिति में सलूम्बर का सामन्त राजधानी संभालेगा।

5. मेवाड़ के सभी कागज-पत्रों पर राणा के साथ सलूम्बर का सामंत भी हस्ताक्षर करेगा।

Q. मेवाड़ के प्रशासन में सलूम्बर का क्या महत्व था – 50 words

* हरावल :- सेना की सबसे अगली टुकड़ी
  चन्दावल :- सेना की पीछे की टुकड़ी

7. मोकल (1421-33)

- हंसाबाई का पुत्र था।
- चूंडा को संरक्षक बनाया गया।
- हंसाबाई के अविश्वास के कारण चूंडा मालवा चला गया।
  (होशंगशाह मालवा का शासक)
- हंसाबाई का भाई रणमल मोकल का संरक्षक बना।
- मोकल ने एकलिंग मन्दिर की चारदीवारी का निर्माण करवाया।
- समिद्धेश्वर मन्दिर (चित्तौड़) का पुनर्निर्माण करवाया।
  पहले इस मन्दिर का नाम त्रिभुवन नारायण मन्दिर था तथा भोज परमार ने इसका निर्माण करवाया था।

- 1433 में जीलवाड़ा (राजसमंद) नामक स्थान पर चाचा, मेरा, महपा पंवार ने मोकल की हत्या कर दी।

  (अहमदशाह – गुजरात)

8. कुंभा (1433-68)

- रणमल कुम्भा का संरक्षक था।
- कुम्भा ने रणमल की सहायता से अपने पिता की हत्या का बदला लिया
- मेवाड़ दरबार में रणमल का प्रभाव बढ़ गया तथा उसने सिसोदियों के नेता राघवदेव की हत्या करवा दी।
  ↳ चूंडा का भाई
- हंसाबाई ने मालवा से चूंडा को वापस बुलाया।
- भारमली की सहायता से रणमल को मार दिया गया।
- रणमल का बेटा जोधा भाग गया तथा बीकानेर के पास काहुनी गाँव में शरण ली।
- चूंडा ने मण्डोर (मारवाड़ की राजधानी) पर अधिकार कर लिया।

आंवल-बांवल की संधि (1453) :- कुम्भा व जोधा

- इस संधि द्वारा मारवाड़ जोधा को वापस दिया गया।
- सोजत (पाली) को मारवाड़ व मेवाड़ की सीमा बनाया गया
- जोधा की बेटी शृंगार कंवर की शादी कुम्भा के बेटे रायमल के साथ की।

सारंगपुर का युद्ध (1437) :- कुम्भा v/s महमूद खिलजी (मालवा)

कारण - महमूद खिलजी ने मोकल के हत्यारों को शरण दी थी।

- कुम्भा जीत गया तथा जीत की याद में चित्तौड़ में विजयस्तम्भ बनवाया।

चम्पानेर की संधि :- (1456) :- कुतुबुद्दीन शाह + महमूद खिलजी
(गुजरात) (मालवा)

उद्देश्य - कुम्भा को हराना।

→ भीलवाड़ा

बदनौर का युद्ध (1457) :- कुम्भा ने दोनों को एक साथ हरा दिया।

- कुम्भा ने सिरोही के सहसमल देवड़ा को हराया।

नागौर



शम्स खाँ → कुम्भा ने इसे सहायता दी।

मुजाहिद खाँ → कुम्भा ने हराया

सांस्कृतिक उपलब्धियां

स्थापत्य कला :-

कुम्भा को राजस्थान की स्थापत्य कला का जनक कहा जाता है।

विजयस्तम्भ :-

अन्य नाम - कीर्ति स्तम्भ
विष्णु ध्वज
गरुड़ ध्वज
मूर्तियों का अजायबघर
भारतीय मूर्तिकला का विश्वकोष

- यह 9 मंजिला इमारत है।
- लम्बाई - 122 फीट , - चौड़ाई - 30 फीट
- वास्तुकार - जैता , पूंजा , पोमा , नापा
- राजस्थान पुलिस तथा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का प्रतीक चिह्न है।
- वीर सावरकर के संगठन, 'अभिनव भारत' का प्रतीक चिह्न था।
- राजस्थान की पहली इमारत जिस पर डाक टिकट जारी किया गया।

- जेम्स टॉड ने विजयस्तम्भ की तुलना कुतुबमीनार से की है।
- फर्ग्यूसन ने विजयस्तम्भ की तुलना रोम के टार्जन टावर से की है।
- स्वरूपसिंह ने इसका पुनर्निर्माण करवाया।
- विजयस्तम्भ की 8वीं मंजिल पर कोई मूर्ति नहीं है।
- 3 मंजिल में 9 बार अरबी भाषा में अल्लाह लिखा हुआ।

कीर्तिस्तम्भ प्रशस्ति के लेखक – अत्रि , महेश

किले :-

कवि राजा श्यामलदास जी की पुस्तक 'वीर विनोद' के अनुसार कुम्भा ने मेवाड़ के 84 किलो में से 32 किलो का निर्माण करवाया।

(i) कुम्भलगढ़ : (राजसमंद)

वास्तुकार – मण्डन

- इस किले को 'मेवाड़ - मारवाड़ का सीमा प्रहरी' कहा जाता है।
- इसका सबसे ऊँचा महल कटारगढ़ है जो कुम्भा का निजी आवास था

↓ इसे 'मेवाड़ की आँख' कहा जाता है।

कुम्भलगढ़ प्रशस्ति का लेखक – महेश

- इस प्रशस्ति में कुम्भा को 'धर्म एवं पवित्रता का अवतार' कहा गया है

(ii) अचलगढ़ (सिरोही)

- 1452 में कुम्भा ने इसका पुनर्निर्माण करवाया।

(iii) बासन्ती दुर्ग ⎤→ सिरोही
(iv) मचान दुर्ग ⎦→ मेरो पर नियंत्रण के लिए।
(v) भोमट दुर्ग – भील जनजाति पर नियंत्रण हेतु।

- चित्तौड़गढ़, अचलगढ़ व कुम्भलगढ़ में कुम्भ स्वामी (विष्णु जी) के मन्दिर बनवाये।
- चित्तौड़ में शृंगार-चंवरी मन्दिर बनवाया।
- रणकपुर जैन मन्दिरों का निर्माण 1439 में धरणकशाह ने करवाया।
  ↓
  इनमें - चौमुखा मन्दिर सबसे प्रमुख है।
  ↓
  वास्तुकार - देपाक
  इसमें भगवान आदिनाथ की मूर्ति है।
  इसमें 1444 स्तम्भ है इसलिए इसे स्तम्भों का अजायबघर कहा जाता है।

जैन कीर्तिस्तम्भ :-
- 12 वीं शताब्दी में जीजाशाह (जैन व्यापारी) बघेरवाल ने बनवाया।
- चित्तौड़ के किले में - 7 मंजिला इमारत है।
- इसे आदिनाथ स्मारक भी कहा जाता है। (आदिनाथ को समर्पित)

कुम्भा का साहित्य
- कुम्भा एक अच्छा संगीतज्ञ था। वह वीणा बजाता था।
  संगीत गुरु - सारंग व्यास

पुस्तक -1. सुधा प्रबंध
2. कामराज रतिसार - 7 भाग है
3. संगीतसुधा
4. संगीत मीमांसा
5. संगीत राज - 5 भाग है - पाठ्य रत्न कोष
गीत रत्न कोष
नृत्य रत्न कोष
वाद्य रत्न कोष
रस रत्न कोष

- जयदेव की गीत गोविन्द पर रसिक प्रिया नाम से टीका लिखी।
- कुम्भा ने सारंगदेव की संगीत रत्नाकर पर टीका लिखी।
- कुम्भा - चण्डी शतक पर टीका लिखी।
  ↳ बाणभट्ट
- कुम्भा मेवाड़ी, कन्नड़ व मराठी भाषाएं जानता था।
- कुम्भा ने चार नाटकों की रचना की।

कुम्भा के दरबारी विद्वान :-

1. कान्ह व्यास — पुस्तक → एकलिंग महात्म्य → इससे ज्ञात होता है कि कुंभा वेद, स्मृति, मीमांसा, उपनिषद व्याकरण, साहित्य एवं राजनीति में बड़ा निपुण था।
2. मेहा — Book → तीर्थमाला
3. मण्डन — Books → वास्तुसार
   देवमूर्ति प्रकरण
   राजवल्लभ
   रूपमण्डन - मूर्तिकला के बारे में
   कोदण्डमण्डन - धनुष निर्माण के बारे में
4. नाथा - मण्डन का भाई
   Book - वास्तुमंजरी
5. गोविन्द - मण्डन का बेटा
   Books - द्वार दीपिका
   उद्धार धोरिणी
   कला निधि - मंदिर के शिखर निर्माण की जानकारी
   सार समुच्चय - आयुर्वेद के बारे में जानकारी
6. रमा बाई - कुम्भा की बेटी
   - अपने पिता की तरह संगीत में रूचि रखती थी।
   उपाधि - वागीश्वरी
   - इसे जावर क्षेत्र दिया गया।

7. तिला भट्ट
8. हीरानन्द मुनि - कुम्भा के गुरू, कविराजा की उपाधि कुम्भा ने दी।

9. सोमदेव
10. सोम सुन्दर
11. जयशेखर
12. भुवन कीर्ति
} जैन मुनि

- कुम्भा ने जैनों का तीर्थयात्रा कर हटा दिया था।

उपाधियां :- 1. हिन्दू सुरताण - मुस्लिम सेना को हराने के कारण
2. अभिनव भरताचार्य - संगीत के कारण
3. राणा रासौ - साहित्य के कारण
4. हाल गुरू - पहाड़ी किले जीतने वाला
5. छाप गुरू - धनुष कला के कारण
6. परम भागवत - विष्णु, गुप्त
7. आदि वराह - गुर्जर प्रतिहार

- कुम्भा की हत्या उसके बेटे ऊदा ने कुंभलगढ़ के किले में कर दी थी।

9. रायमल (1473–1509)

- एकलिंग मन्दिर का वर्तमान स्वरूप बनवाया।
- रानी शृंगार कंवर ने घोसुण्डी में बावड़ी का निर्माण करवाया।

घोसुण्डी अभिलेख :- → संस्कृत भाषा, ब्राह्मी लिपि, डी. आर. भण्डारकर ने पढ़ा
2री शताब्दी ईसा पूर्व का अभिलेख।
- राजस्थान में वैष्णव धर्म की जानकारी देने वाला सबसे प्राचीन अभिलेख → भागवत धर्म, संस्कृत भाषा

पृथ्वीराज :-

- रायमल का सबसे बड़ा बेटा
- इसे उड़ना राजकुमार कहा जाता है।
- अपनी रानी तारा के नाम पर अजमेर किले का नाम बदलकर तारागढ़ कर दिया।
- कुम्भलगढ़ के किले में पृथ्वीराज की 12 खम्भों की छतरी है।

जयमल

- यह सोलंकियों के खिलाफ लड़ता हुआ मारा गया।

(संग्रामसिंह) 10. राणा सांगा (1509 – 28) **

- रायमल का पुत्र था।
- अपने भाईयों के साथ विवाद होने पर श्रीनगर (अजमेर) के कर्मचन्द पंवार के पास शरण ली थी।
- रायमल की मृत्यु के बाद सांगा मेवाड़ का शासक बना।

इब्राहिम लोदी (दिल्ली) → खातोली (कोटा) का युद्ध – 1517
इब्राहिम लोदी (दिल्ली) → बाड़ी (धौलपुर) का युद्ध – 1518
महमूद खिलजी II (मालवा) → गागरौन (झालावाड़) का युद्ध – 1519
] सांगा की जीत

* गागरौन का किला उस समय चन्देरी के मेदिनीराय के पास था।

ईडर रियासत (गुजरात)
- भारमल → मुजफ्फरशाह (गुजरात)
- रायमल → सांगा (मेवाड़)

बयाना का युद्ध (16 feb. 1527) :- बाबर v/s सांगा

- सांगा जीत गया
- इस समय किले का रक्षक मेहदी ख्वाजा (→ बाबर का) था।
- बाबर ने मोहम्मद सुल्तान मिर्जा के नेतृत्व मे सेना भेजी।

खानवा का युद्ध* (17 March 1527) :- (वीर विनोद (→ श्यामलदास) के अनुसार 16 March)

- बाबर ने जिहाद की घोषणा की। (धर्मयुद्ध)
- बाबर ने शराब न पीने की कसम खाई।
- बाबर ने मुस्लिम व्यापारियों से तमगा कर हटा दिया।
- सांगा ने राजस्थान के सभी राजाओं को पत्र लिखकर युद्ध में सहायता के लिए बुलाया। (पाती परवन)

आमेर - पृथ्वीराज
मारवाड़ - मालदेव (गांगा (→ राजा) का बेटा)
बीकानेर - कल्याणमल (राजा - जैतसी)
मेड़ता - वीरमदेव
चन्देरी - मेदिनीराय — सलूम्बर - रतनसिंह चूण्डावत
वागड़ - उदयसिंह
देवलिया - बाघसिंह
(चित्तौड़) प्रतापगढ़ ← सादड़ी - झाला अज्जा
मेवात - हसन खाँ मेवाती*
ईडर - भारमल
इब्राहिम लोदी का छोटा भाई महमूद लोदी*

- सांगा युद्ध में घायल हो गया → सादड़ी के झाला अज्जा ने युद्ध का नेतृत्व किया।
- बाबर युद्ध जीत गया तथा उसने गाजी की उपाधि धारण की।

बसवा (दौसा) – यहाँ पर सांगा का इलाज किया गया।

ऐरिच (m.p.) – यहाँ पर सांगा को जहर दे दिया गया।

कालपी (m.p) – यहाँ पर सांगा की मृत्यु हो गई।

माण्डलगढ (भीलवाड़ा) – यहाँ पर सांगा की छतरी है।

खानवा युद्ध के कारण

1. बाबर ने सांगा पर वचन भंग का आरोप लगाया।
2. महत्वाकांक्षाओं का टकराव।
3. राजपूत - अफगान मैत्री। (हसन खाँ मेवाती, महमूद लोदी)
4. सांगा ने सल्तनत के क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया।

सांगा की हार के कारण

1. सांगा की सेना में एकता नहीं थी। सांगा की सेना अलग-2 सेनापतियों
2. के नेतृत्व में लड़ रही थी।
2. बाबर का तोपखाना।
3. बाबर की तुलगुमा युद्ध पद्धति।
4. सांगा ने बाबर को बयाना के बाद युद्ध की तैयारी का समय दे दिया।
5. सांगा स्वयं युद्ध के मैदान में उतर गया।
6. मुगल सेना घोड़ों का प्रयोग करती थी जबकी राजपूत हाथियों का प्रयोग करते थे।
7. मुगल सेना के पास राजपूतों की तुलना में हल्के हथियार थे।
8. सांगा के साथ उसके साथियों ने विश्वास घात किया था तथा बाबर से मिल गये थे। जैसे रायसीन (m.p) का सलहदी तंवर तथा नागौर के खानजादे मुसलमान।

खानवा युद्ध का महत्व / परिणाम :-

1. अफगानों तथा राजपूतों को हराने के बाद बाबर का भारत पर शासन करना आसान हो गया।
2. यह अन्तिम युद्ध था जिसमें राजस्थान के राजाओं में एकता देखी गई।
3. सांगा अन्तिम राजपूत राजा था जिसने दिल्ली को चुनौती देने का प्रयास किया।
4. सांगा के बाद बड़े हिन्दु राजा नहीं रहे जिससे हिन्दु संस्कृति को नुकसान हुआ।
5. राजपूतों की सामरिक कमजोरियां उजागर हो गई थी।
6. इस युद्ध के बाद मुगलों की राजपूतों के प्रति भविष्य की नीति निर्धारित हो गई थी। तथा अकबर ने युद्ध के स्थान पर मित्रता की नीति अपनाई।

उपाधियां :- हिन्दू पत
सैनिकों का भग्नावशेष (80 घाव)

- बाबरनामा के अनुसार सांगा के अधीन 7 राजा, 9 राव और 104 सरदार थे।
- महमूद खिलजी-II को पकड़ने के कारण सांगा ने हरिदास-चारण को 12 गाँव दिये।
- सांगा के बड़े बेटे भोजराज की शादी मीराबाई के साथ हुई थी।
- सांगा के बाद रतनसिंह मेवाड़ का राजा बना। उसकी मृत्यु के बाद विक्रमादित्य को शासक बनाया गया।

11. विक्रमादित्य (1531-36)

- इसकी माता कर्मावती इसकी संरक्षिका बनी।
- 1533 में गुजरात के बहादुरशाह ने मेवाड़ पर आक्रमण किया, रानी कर्मावती ने रणथम्भौर किला दिया तथा संधि कर ली।
- 1534-35 में बहादुरशाह ने पुनः आक्रमण कर दिया।
- कर्मावती ने हुमायूँ को राखी भेजकर सहायता मांगी।
- इससमय चित्तौड़ का दूसरा साका हुआ।
- रानी कर्मावती ने जौहर किया।
- देवलिया के बाघसिंह के नेतृत्व में केसरिया किया गया।
- बनवीर को चित्तौड़ का प्रशासक बनाया गया। बनवीर उदना राजकुमार पृथ्वीराज की दासी का बेटा था।
- बनवीर ने विक्रमादित्य की हत्या कर दी।
- पन्नाधाय ने अपने बेटे—चंदन का बलिदान देकर उदयसिंह को बचा लिया वह उदयसिंह को लेकर कुम्भलगढ़ के आशादेवपुरा के पास—चली गई।

12. उदयसिंह (1537-72)

- 1540 में मावली (उदयपुर) के युद्ध में बनवीर को हराकर शासक बना।
- 1559 में उदयपुर की स्थापना की। यहाँ पर उदयसागर झील का निर्माण करवाया।
- 1567-68 में अकबर का मेवाड़ पर आक्रमण।
- उदयसिंह गिरवा की पहाड़ियों में—चला गया।
- जयमल व पत्ता ने किले का मोर्चा संभाला।
- इस समय चित्तौड़ का तीसरा साका हुआ।
- जयमल ने कल्ला राठौड़ के कंधों पर बैठकर युद्ध किया था।
- कल्ला राठौड़ को—चार हाथों वाला देवता कहा जाता है।

- अकबर की बंदूक का नाम – संग्राम
- अकबर ने चित्तौड़ पर अधिकार कर लिया तथा ३०००० लोगों का कत्ले आम करवाया।
- फूलकंवर (पत्ता की पत्नी) के नेतृत्व में जौहर किया गया।
- अकबर जयमल तथा पत्ता की वीरता से प्रभावित हुआ तथा इन दोनों की मूर्तियां आगरा के किले में लगवाई।
- फ्रांसीसी यात्री बर्नियर (ट्रेवल्स इन द मुगल एम्पायर) ने इसका उल्लेख किया है।
- बीकानेर के जूनागढ़ किले में भी इन दोनों की मूर्तियां है।
- 1572 में होली के दिन गोगून्दा में मृत्यु हो गई। वहीं पर इसकी छतरी बनी हुई है।
- उदयसिंह ने अपने बड़े बेटे प्रताप को राजा नहीं बनाया बल्कि छोटे बेटे जगमाल को राजा बनाया।

13. महाराणा प्रताप (1572-97) (25 वर्ष)

जन्म – 9 मई 1540 (कुम्भलगढ़ के किले में)
माता – जयवन्ता बाई सोनगरा
रानी – अजब दे पंवार
बचपन का नाम – कीका

- प्रताप का पहला राजतिलक 28 Feb 1572 को गोगून्दा में हुआ था (होली)
- सलूम्बर के कृष्णदास चूण्डावत ने प्रताप का राजतिलक किया था।
- प्रताप ने कुम्भलगढ़ में अपना विधिवत राजतिलक करवाया।
- इस समारोह में मारवाड़ का चन्द्रसेन उपस्थित था।
- अकबर ने प्रताप को समझाने के लिए चार दूत भेजे थे –

1. जलाल खां कोरची – 1572

1573 ←
2. मानसिंह
3. भगवन्तदास – आमेर का राजा
4. टोडरमल

मोलेला लोसिंग

हल्दीघाटी (→ राजसमंद) का युद्ध (18 June 1576) :-

अकबर के सेनापति – मानसिंह
आसफ खाँ

प्रताप की तरफ से – रामशाह तोमर (ग्वालियर)
कृष्णदास चूण्डावत
* हाकिम खाँ सूर
** पूंजा भील

- युद्ध में चेतक के घायल होने पर प्रताप युद्ध से बाहर चला गया। झालामान (बीदा) ने युद्ध का नेतृत्व किया।
- मिहतर खाँ ने युद्ध में अकबर के आने की गलत सूचना दी थी।
- मानसिंह प्रताप को अधीनता स्वीकार नहीं करवा पाता है।
- अकबर ने मानसिंह तथा आसफ खाँ का दरबार में आना बन्द कर दिया
- चेतक छतरी - बलीचा (राजसमंद)

- अबुल - फजल → खमनौर का युद्ध] बताया
बदायूंनी — गोगून्दा का युद्ध
↳ इस युद्ध में उपस्थित था

जेम्स टॉड — मेवाड़ की थर्मोपोली

आदर्शी लाल श्रीवास्तव – बादशाह - बाग का युद्ध

- 1577 में अकबर ने उदयपुर पर आक्रमण किया तथा नाम बदलकर मुहम्मदाबाद कर दिया।

कुम्भलगढ़ का युद्ध :-

मुगल सेनापति शाहबाज खान ने कुम्भलगढ़ पर तीन आक्रमण किये थे (1577, 78, 79)

शेरपुर घटना :-

1580 में अमरसिंह मुगल सेनापति रहीम जी की बेगमों को गिरफ्तार कर लेता है लेकिन प्रताप ने उन्हें ससम्मान वापस भेजा।

दिवेर (→ राजसमंद) का युद्ध (1582) :-

- इस युद्ध में प्रताप की विजय हुई।
- अमरसिंह ने मुगल सेनापति सुल्तान खान को मार दिया।
- इस युद्ध में प्रताप के साथ डूंगरपुर, बांसवाड़ा तथा ईडर रियासत भी थी।
- जेम्स टॉड ने इस युद्ध को मेवाड़ का मैराथन कहा है

- 1585 में जगन्नाथ कछवाह ने प्रताप पर अन्तिम आक्रमण किया था।
- प्रताप ने चावण्ड (→ उदयपुर) को अपनी नई राजधानी बनाया।
- प्रताप ने चित्तौड़गढ़ व माण्डलगढ़ को छोड़कर शेष मेवाड़ जीत लिया।
- चावण्ड में चामुण्डा माता का मन्दिर तथा महल का निर्माण करवाया।

** मेवाड़ की चित्रकला का प्रारम्भ चावण्ड से हुआ था।

मुख्य चित्रकार - नासिरुद्दीन

दरबारी विद्वान :-

1. चक्रपाणि मिश्र —पुस्तक→ राज्याभिषेक
   मुहूर्तमाला
   विश्व वल्लभ – बगीचों (उद्यान विज्ञान) की जानकारी
2. हेमरत्न सूरि – गौरा - बादल री चौपाई
3. रामा सांदू
4. माला सांदू

(चूलिया गाव में)

- भामाशाह तथा ताराचन्द नामक दो भाइयों ने प्रताप की आर्थिक सहायता की। 25 लाख रुपये तथा 12 हजार अशर्फी दिये थे।
  ↳ सोने के सिक्के
- भामाशाह को प्रताप ने प्रधानमंत्री बनाया।
- प्रताप ने साडुलनाथ त्रिवेदी को मंडेर (मेवाड़) की जागीर दी थी।
  (1588 के उदयपुर शिलालेख के अनुसार)
- 19 जनवरी 1597 को चावण्ड में प्रताप की मृत्यु हो गई।
- बांडोली में प्रताप की 8 खम्भों की छतरी है।

हल्दीघाटी युद्ध का महत्व :-

1. यह युद्ध साम्राज्यवादी शक्ति के खिलाफ प्रादेशिक स्वतन्त्रता का युद्ध था।
2. प्रताप कम संसाधनों के बावजूद अकबर से लड़ा इससे जनता में आशा व नैतिकता का संचार हुआ।
3. प्रताप ने मेवाड़ की साधारण जनता व जनजातियों में राष्ट्रवादी की भावनाओं का संचार किया।
4. हल्दीघाटी आज भी राष्ट्रवाद का प्रेरणा स्रोत है।
5. राष्ट्रीय आन्दोलन में युद्ध ने प्रेरणा स्रोत का कार्य किया।

हाथी

प्रताप	अकबर
↓	↓
लूणा	मरदाना (मानसिंह)
रामप्रसाद (पीरप्रसाद)	गजमुक्ता

Q प्रताप के व्यक्तित्व की मुख्य विशेषताएँ बताइये ?

14. अमरसिंह प्रथम (1597-1620)

मुगल - मेवाड़ संधि (5 Feb 1615)

- मुगल बादशाह जहाँगीर तथा मेवाड़ के शासक अमरसिंह प्रथम के मध्य हुई।
- युवराज कर्णसिंह के दबाव के कारण अमरसिंह ने संधि की थी।
- शुभकरण व हरिदास संधि का प्रस्ताव लेकर गये थे।
- मुगलों की तरफ से खुर्रम ने संधि की थी।

शर्तें :-

1. मेवाड़ का राणा मुगल दरबार में नहीं जाएगा। मेवाड़ का युवराज मुगल दरबार में जाएगा।
2. मेवाड़ मुगलों को 1000 घुड़सवारों सैनिकों की सहायता देगा।
3. चित्तौड़ का किला मेवाड़ को वापस दिया जाएगा लेकिन मेवाड़ उसका पुनर्निर्माण नहीं करवायेगा।
4. मेवाड़ के साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित नहीं किये जाएँ।

संधि का महत्व :-

1. सांगा व प्रताप के समय से चली आ रही स्वतंत्रता की भावना का पतन हुआ।
2. संधि के कारण शांति व्यवस्था स्थापित हुई तथा कलात्मक (सांस्कृतिक) गतिविधियों को बढ़ावा मिला।

- युवराज कर्णसिंह मुगल दरबार में गया था जहाँगीर ने उसे 5000 का मनसबदार बनाया।
- जहाँगीर ने अमरसिंह तथा कर्णसिंह की मूर्तियां आगरा के किले में लगवाई।
- अमरसिंह इस संधि से निराश था तथा नौ-चौकी नामक स्थान पर जाकर रहने लग गया

- इसी स्थान पर राजसमंद झील बनाई गई थी।

15. कर्णसिंह

- उदयपुर में जगमंदिर महल (पिछोला झील) का निर्माण शुरू करवाया।
- खुर्रम विद्रोह के दौरान इन्हीं महलों में रुका था।
- उदयपुर में कर्णविलास व दिलखुश महल बनवाये।

16. जगतसिंह प्रथम

- उदयपुर में जगमन्दिर महलों का निर्माण पूरा करवाया।
- उदयपुर में जगदीश मन्दिर (जगन्नाथ राय मन्दिर) का निर्माण करवाया।
- इसे सपने में बना मन्दिर कहा जाता है।
- जगन्नाथ राय प्रशस्ति का लेखक - कृष्णभट्ट
- उदयपुर में नौजू बाई का मन्दिर बनवाया। (नौजू बाई - धाय माँ)
- जगतसिंह दानवीरता के लिए प्रसिद्ध था।

17. राजसिंह (1652 - 80)

- चित्तौड़ का पुनर्निर्माण शुरू करवा दिया। इस प्रकार शाहजहाँ के खिलाफ आक्रामक नीति अपनाई।
- मुगल उत्तराधिकार संघर्ष में औरंगजेब का समर्थन किया था।
- इस समय इसने कई मुगल क्षेत्र जीत लिये थे। (टीका दौड़)
- औरंगजेब के जीजया कर का विरोध किया।
- औरंगजेब के खिलाफ हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों की रक्षा की।
- जोधपुर के अजीतसिंह को औरंगजेब के खिलाफ समर्थन दिया था। इसे 'राठौड़ - सिसोदिया गठबंधन' कहा जाता है।
- औरंगजेब के खिलाफ हिन्दू राजकुमारियों की रक्षा की।

उदा. रूपनगढ़ (किशनगढ़) की राजकुमारी चारुमती से शादी की थी।

हाड़ी रानी सहल कंवर :-

- सलुम्बर के सामन्त रतन सिंह चूण्डावत की रानी थी।
- अपने पति के निशानी मांगने पर सिर काट कर दे दिया।

मेघराज मुकुल की कविता — सैनाणी

राजसिंह की सांस्कृतिक उपलब्धियां :-

मंदिर - 1. श्रीनाथ मन्दिर - सिहाड़ (नाथद्वारा)
2. द्वारिकाधीश मन्दिर - कांकरोली
3. अम्बा माता मन्दिर - उदयपुर

- श्री नाथ जी की मूर्ति 1672 में गोविन्द दास व दामोदर दास मथुरा से लाये थे।

झील :- 1. राजसमन्द झील
2. जाना सागर तालाब ⎫
3. त्रिमुखी बावड़ी ⎭ ⇒ उदयपुर

राजनगर + कांकरोली

दरबारी विद्वान :-

1. रणछोड़ भट्ट तैलंग — राज प्रशस्ति
- अमर काव्य वंशावली
↓
इन दोनों में प्रताप के भाई शक्तिसिंह का वर्णन है।

- अमर काव्य वंशावली में चेतक का भी वर्णन है।

2. किशोर दास — राज प्रकाश
3. सदाशिव भट्ट — राज रत्नाकर

उपाधियां - हाइड्रोलिक रूलर - पेयजल व्यवस्था के कारण
- विजयकटकातु - सेना जीतने के कारण

राज प्रशस्ति :-

- 25 पत्थरों पर लिखी गई है।
- संस्कृत का सबसे बड़ा शिलालेख है (भारत का)
- अकाल राहत कार्यों की जानकारी देती है।
- बापा रावल से लेकर राजसिंह तक के राजाओं के नाम मिलते है
- मुगल - मेवाड़ संधि की जानकारी मिलती है।

Q राज - प्रशस्ति — 50 words

18. अमरसिंह II

उदयपुर
देबारी समझौता (1708)

अमरसिंह II (मेवाड़) | अजीतसिंह (मारवाड़) | सवाई जयसिंह (आमेर)

- यह समझौता मुगल बादशाह बहादुरशाह प्रथम के खिलाफ था।

समझौते की शर्तें :-

- अजीतसिंह को मारवाड़ तथा सवाई जयसिंह को आमेर का राजा बनाने में सहायता की जाएगी।
- अमरसिंह II की बेटी चन्द कंवर की शादी सवाई जयसिंह से की जाएगी तथा उनके बेटे को आमेर का अगला राजा बनाया जाएगा

19. संग्रामसिंह -II

- उदयपुर में सहेलियों की बाड़ी का निर्माण करवाया।
- सीसारमा में वैद्यनाथ मन्दिर का निर्माण करवाया

वैद्यनाथ प्रशस्ति का लेखक - रूप भट्ट

20. जगतसिंह -II

हुरड़ा (→ भीलवाड़ा) सम्मेलन - 17 July 1734

- यह मराठों के खिलाफ राजस्थान के राजाओं का सम्मेलन था।
- वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद रामपुरा (कोटा) में मराठों के खिलाफ युद्ध की बात की गई।
- आपसी मतभेदों के कारण सम्मेलन असफल रहा।
- खानवा युद्ध के बाद राजपूतों ने पहली बार किसी दूसरी शक्ति के खिलाफ संगठित होने की कोशिश की।

भाग लेने वाले -

जगतसिंह ~~प्रथम~~ II - अध्यक्ष
सवाई जयसिंह - आमेर
अभयसिंह - जोधपुर
बख्तसिंह - नागौर
दलेल सिंह - बूंदी
दुर्जन साल - कोटा
जोरावर सिंह - बीकानेर
गोपाल पाल - करौली
राजसिंह - किशनगढ़

- उदयपुर में जगतनिवास महल (पिछोला) का निर्माण करवाया।

नेकराम —BOOK→ जगतविलास

21. भीमसिंह



गिंगोली / परबतसर का युद्ध (1807) :- जगतसिंह-II v/s मानसिंह

- अजीत सिंह चूण्डावत व अमीर खाँ पिंडारी (टोंक) के कहने पर कृष्णा कुमारी को जहर दे दिया गया।

Q. कृष्णाकुमारी विवाद – 50 words

- भीमसिंह ने 13 Jan 1818 को अंग्रेजो से संधि कर ली।

मारवाड़ के राठौड़ वंश का इतिहास

↳ सूर्यवंशी हिन्दू

राठौड़ों की उत्पत्ति



1. राव सीहा

- संस्थापक
- पालीवाल ब्राह्मणों की सहायता के लिए 1240 में कन्नौज से मारवाड़ आया।

राजधानी - खेड़ (बाड़मेर)

छतरी - बीठू (पाली)

2. धूहड़

- अपनी कुल देवी नागणेची माता की मूर्ति कर्नाटक से लेकर आया।

मन्दिर - नागाणा (बाड़मेर)

3. मल्लीनाथ

राजधानी - मेवानगर (बाड़मेर) (नाकोड़ा)

- मल्लीनाथ जी राजस्थान के लोक देवता है।
- मल्लीनाथ जी के कारण बाड़मेर क्षेत्र को मालाणी कहा जाता है।
- गणगौर पर गीदोली का गीत गाया जाता है।

4. चूंडा

- प्रतिहार (इन्दा शाखा) शासकों ने चूंडा से अपनी राजकुमारी की शादी की तथा मण्डोर दहेज में दिया।
- इसके बाद राजधानी मण्डोर को बनाया।

5. जोधा

- 1459 में जोधपुर की स्थापना की।
- यहां मेहरानगढ़ किले का निर्माण करवाया।
- इस किले की नींव करणी माता ने लगायी।
- जोधा के बेटे बीका ने बीकानेर की स्थापना की।

6. मालदेव (1531 – 62)

- अपने पिता गांगा की हत्या करके राजा बना था।
- मालदेव जब राजा बना तब उसके पास दो परगने – सोजत, जोधपुर।
- बाद में मालदेव ने 52 युद्धों से 58 परगने जीते थे।

पाहेबा / साहेबा का युद्ध – 1541 :- जैतसी (बीकानेर) v/s मालदेव

- मालदेव युद्ध जीत गया।
- जैतसी लड़ता हुआ मारा गया।

- जैतसी का बेटा कल्याणमल शेरशाह सूरी के पास दिल्ली चला गया।
- मालदेव ने मेड़ता पर अधिकार कर लिया। मेड़ता का राजा वीरमदेव शेरशाह सूरि के पास दिल्ली चला गया।

हुमायूँ - मालदेव संबंध

शेरशाह सूरि से हारने के बाद जब हुमायूँ राजस्थान से होकर जा रहा था तब उसने जोगीतीर्थ नामक स्थान से मालदेव के पास सहायता के लिए तीन दूत भेजे - अतका खाँ
मीर समंद
रायमल सोनी

मालदेव ने सकारात्मक उत्तर दिया तथा हुमायूँ को बीकानेर देने का वादा किया लेकिन हुमायूँ मालदेव पर विश्वास नहीं करता तथा अपने पुस्तकालय अध्यक्ष मुल्ला सुर्ख के कहने पर सिंध की तरफ चला जाता है।

यदि हुमायूँ व मालदेव थोड़ी समझदारी दिखाते तो शेरशाह सूरि के खिलाफ मुगल - राजपूत सम्बन्ध बना सकते थे तथा भारत से अफगान सत्ता को समाप्त कर सकते थे। कालान्तर में अकबर ने मुगल - राजपूत सम्बन्ध स्थापित किये थे, वे इसी समय शुरू हो जाते है।

गिरी - सुमेल का युद्ध (1544) :- मालदेव v/s शेरशाह सूरि
जैतारण
कल्याणमल (बीकानेर)
वीरमदेव (मेड़ता)

- जलाल खाँ जलवानी की सहायता से शेरशाह ने युद्ध जीत लिया।
- शेरशाह की चालाकी के कारण मालदेव युद्ध से हट गया।
- जैता तथा कुम्पा (मालदेव के सेनापति) ने शेरशाह के साथ लड़ाई की।
- जीतने के बाद शेरशाह ने कहा था - मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की बादशाहत खो देता
- शेरशाह ने जोधपुर पर अधिकार कर लिया तथा खवास खाँ

- मालदेव सिवाणा चला गया।
  ↳ सिवाणा को मारवाड़ के राठौड़ो की शरणस्थली कहा जाता है।
- थोड़े दिनों बाद मालदेव ने जोधपुर पर वापस अधिकार कर लिया।

- शेरशाह के साथ सम्बन्धों में मालदेव कुटनीतिक गलतियां करता है। उसने कल्याणमल व वीरमदेव को शेरशाह के पास जाने का अवसर दिया अन्यथा वह शेरशाह के खिलाफ राठौड़ों का गठबन्धन बना सकता था।

यदि वह शेरशाह की चालाकी में नहीं आता तो गिरी-सुमेल का युद्ध जीत सकता था।

Q मालदेव के हुमायूं व शेरशाह के साथ सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए — 100 words

उमादे

- जैसलमेर के राजा लूणकरण भाटी की बेटी थी
- मालदेव की रानी थी।
- भारमली नामक दासी के कारण मालदेव से नाराज हो गई थी इसलिए इसे रूठी रानी कहा जाता है।

{जला - बारात का डेरा देखने जाते समय महिलाओं द्वारा गाया जाने वाला गीत}

मालदेव के दरबारी विद्वान

1. ईश्वरदास — Books → हाला झाला री कुण्डलियां (दोहे) (सूर सतसई) — 700
   ईवीयाण
   हरिरस

2. आशानन्द जी ⟶ 1. उमादे भटियाणी रा कवित
↓ 2. बाघा भारमली रा दूहा
पाहेबा युद्ध मे
भाग लिया

- मालदेव ने जोधपुर में चार दीवारी का निर्माण करवाया।

- मेड़ता
  रीयां (नागौर)
  सोजत
  पोकरण
  } इनमें किलो का निर्माण करवाया।

उपाधियां :- हिन्दु बादशाह
हशमत वाला राजा (वैभव शाली राजा)

- मालदेव ने अपने बड़े बेटे राम व उदयसिंह को राजा नही बनाया बल्कि छोटे बेटे चन्द्रसेन को राजा बनाया इसलिए राम व उदयसिंह अकबर के पास चले गये।

7. चन्द्रसेन

- अकबर ने राम की सहायता के लिए जोधपुर पर आक्रमण किया तो चन्द्रसेन भाद्राजूण (जालौर) चला गया।
- चन्द्रसेन ने अकबर के नागौर दरबार (1570) में भाग लिया लेकिन वहाँ अकबर को अपने भाई उदयसिंह के पक्ष मे देखकर अकबर से बिना मिले ही चला गया था।
- अकबर ने भाद्राजूण पर आक्रमण किया तो चन्द्रसेन सिवाणा चला जाता है।
- चन्द्रसेन ने आजीवन संघर्ष किया एवं अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की।
- 1581 में सारण की पहाड़ियों में सिंचियाई (पाली) नामक स्थान पर चन्द्रसेन की मृत्यु हो गई।

- अकबर ने बीकानेर के रायसिंह को 1572-74 तक जोधपुर का प्रशासक नियुक्त किया था।

उपाधियां - 1. मारवाड़ प्रताप
2. प्रताप का अग्रगामी
3. मारवाड़ का भूला बिसरा राजा

चन्द्रसेन व प्रताप में समानताएं

1. दोनों ने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की।
2. दोनों ने छापामार युद्ध प्रणाली से संघर्ष किया।
3. दोनों को अपने भाइयों के विरोध का सामना करना पड़ा।
   जैसे प्रताप को जगमाल का तथा चन्द्रसेन को राम व उदयसिंह का
4. दोनों के अधिकांश राज्य पर अकबर ने कब्जा कर लिया था।
5. केवल थोड़ी सी भूमि के बल पर उन्होंने अकबर से संघर्ष किया
6. दोनों को अपने राज्य के बाहर शरण लेनी पड़ी।
   जैसे प्रताप को कुम्भलगढ़ के मैदान में (बांसवाड़ा) तथा चन्द्रसेन को डूँगरपुर के महारावल आसकरण के पास।

असमानताएं :-

1. प्रताप का मुगल विरोध उसके राज तिलक के साथ शुरू हो गया था जबकि चन्द्रसेन का मुगल विरोध नागौर दरबार के बाद शुरू हुआ था।
2. प्रताप का मुगल विरोध उसकी मृत्यु के बाद उसके बेटे अमरसिंह ने जारी रखा जबकि चन्द्रसेन का मुगल विरोध उसकी मृत्यु के साथ समाप्त हो गया।
3. प्रताप ने हल्दीघाटी व दिवेर में स्वयं अकबर से आमने-सामने की लड़ाई लड़ी जबकि चन्द्रसेन ऐसा नहीं कर पाया था।
4. प्रताप ने चावण्ड में स्थायी केन्द्र स्थापित किया जबकि चन्द्रसेन ऐसा कोई केन्द्र नहीं बना पाया।
5. प्रताप ने मेवाड़ में राष्ट्रवाद की भावना का संचार किया जबकि चन्द्रसेन मारवाड़ में ऐसा नहीं कर पाया।

इन असमानताओं के बावजूद चन्द्रसेन मारवाड़ का प्रताप है क्योंकि - 1. चन्द्रसेन की भौगोलिक परिस्थितियां प्रताप की तुलना में प्रतिकूल थी।

2. प्रताप को भामाशाह व ताराचन्द जैसे दानवीर साथी मिल गये थे जबकि चन्द्रसेन को शुरू से अन्त तक जन-धन की कमी थी।

Q चन्द्रसेन को मारवाड़ का प्रताप कहा जाता है, इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?

8. मोटा राजा उदयसिंह

नागौर दरबार (1570)

अकबर ने अकाल राहत कार्य शुरू करने के उद्देश्य से नागौर में दरबार का आयोजन किया लेकिन उसका वास्तविक उद्देश्य राजस्थान के राजाओं को अधीनता स्वीकार करवाना था।

कल्याणमल (बीकानेर)
हरराज (जैसलमेर)
उदयसिंह (चन्द्रसेन का भाई)
} ⇒ इस दरबार में अकबर की अधीनता स्वीकार की थी।

नागौर दरबार का महत्व :-

1. अकबर ने कूटनीति के माध्यम से बिना लड़े ही राजस्थान के राजाओं की अधीनता स्वीकार करवाई।
2. राजस्थान के राजाओं का स्पष्ट विभाजन हो गया था
   i) मुगल सहयोगी
   ii) मुगल विरोधी
3. प्रताप व चन्द्रसेन को छोड़कर मुगल आश्रित राजाओं की श्रृंखला प्रारम्भ हुई। जैसे मानसिंह, रायसिंह (बीकानेर) (आमेर)

4. युद्ध समाप्त होने से शांति व्यवस्था स्थापित हुई जिससे कलात्मक गतिविधियों को बढ़ावा मिला।

Q नागौर दरबार - 50 words

अकबर ने इस समय नागौर में शुक्र तालाब का निर्माण करवाया।

- मोटा राजा उदयसिंह ने अपनी बेटी मानी बाई (जोधा बाई) की शादी जहांगीर से की। जहांगीर ने इसे जगत गोंसाई की उपाधि दी। खुर्रम (शाहजहाँ) इसका बेटा था।

कल्ला रायमलोत

- मोटा राजा उदयसिंह के भाई रायमल का बेटा था।
- सिवाणा का सामन्त था।
- 1590 में अकबर के खिलाफ सिवाणा में इसरा साका किया।
- पृथ्वीराज राठौड़ (बीकानेर) ने इसके मरसिये लिखे थे।

9. गजसिंह

- अनारां बेगम के कहने पर अपने छोटे बेटे जसवंत सिंह को जोधपुर का राजा बनाया तथा बड़े बेटे अमरसिंह को नागौर का राजा बनाया गया।

अमरसिंह राठौड़ :- नागौर का राजा

मतीरे री राड़ (1644) :- अमरसिंह (नागौर) v/s कर्णसिंह (बीकानेर)

- अमरसिंह राठौड़ ने शाहजहाँ के दरबार में उसके मीरबख्शी सलावत खां को मार दिया था।
- अमरसिंह राठौड़ को कटार का स्वामी कहा जाता है।
- नागौर में इसकी 16 खम्भों की छतरी है।

मरसिये :- युद्ध में बहादुरी पूर्वक लड़ते हुए मारे जाने पर उसकी वीरता पर लिखे जाने वाले दोहे

आमेला - दुल्हन पक्ष द्वारा बारात का स्वागत करना

- अमरसिंह की हत्या उसके साले अर्जुनसिंह गौड़ ने की थी।
- आगरा किले में अमरसिंह दरवाजा है जिसे शाहजहां ने बंद करवा दिया था। कालान्तर में अंग्रेज अवसर जॉर्ज स्टील ने इसे खुलवाया।

यवन - गैर हिन्दु
काफिर - गैर मुस्लिम

10. जसवन्तसिंह

- धरमत के युद्ध से वापस आने पर इनकी हाडी रानी जसवन्त दे ने किले के दरवाजे बंद कर दिये थे।
- इसने खजुआ के युद्ध में भी भाग लिया था।
- औरंगजेब ने इसे काबुल का गवर्नर बना दिया था।
- काबुल में जमरूद का थाना नामक स्थान पर मृत्यु हो गई। (1678)
- इसकी मृत्यु पर औरंगजेब ने कहा था "आज कुफ्र का दरवाजा टूट गया"।
  ↳ धर्म का विरोध
- जसवन्तसिंह के बेटे पृथ्वीसिंह ने वीर के साथ लड़ाई की थी। औरंगजेब ने उसे जहरीली ड्रेस देकर मरवा दिया।
- जसवन्तसिंह — Books → * आनन्द विलास
  * भाषा भूषण
  प्रबोध-चन्द्रोदय
  अपरोक्ष सिद्धान्तसार
- जोधपुर में राई का बाग महल का निर्माण करवाया

दरबारी विद्वान :-

1). मुहणोत नैणसी — Books → 1. नैणसी री ख्यात
↳ यह राजस्थान का पहला ख्यात ग्रंथ है।
2. मारवाड़ रा परगना री विगत — राजपत्र
↳ इस पुस्तक को मारवाड़ का गजट कहा जाता है।
→ इसमें जनगणना का उल्लेख है।

- मैणसी ने अपने भाई सुन्दरदास के साथ आत्महत्या कर ली थी। (कर्जे के कारण)
- मुंशी देवी प्रसाद ने मैणसी को राजपूताने का अबुल-फजल कहा है।

- औरंगजेब ने जसवन्तसिंह के बेटे अजीतसिंह व दलथम्भन को दिल्ली में रूपसिंह राठौड़ की हवेली में नजरबंद कर दिया।
- इन्द्रसिंह राठौड़ (नागौर) को 36 लाख रुपये लेकर जोधपुर का शासक बना दिया।

11. अजीतसिंह

- दुर्गादास राठौड़, मुकुन्द दास खींची व गौरा की सहायता से अजीतसिंह को लेकर जोधपुर आ जाता है।
- गौरा को मारवाड़ की पन्नाधाय कहा जाता है।
- मारवाड़ के राष्ट्रगीत घूंसो में गौरा का नाम लिया जाता था।
- जोधपुर में गौरा की छतरी है।
- औरंगजेब ने नकली अजीतसिंह का नाम मोहम्मदीराज रखा तथा उसे अपनी बेटी जेबुन्निसा को दे दिया।
- दुर्गादास राठौड़ ने अजीतसिंह को कालिन्द्री (सिरोही) में जयदेव पुरोहित के पास रखा।
- दुर्गादास राठौड़ ने मेवाड़ के राजसिंह के साथ मिलकर औरंगजेब के बेटे अकबर से विद्रोह करवा दिया। औरंगजेब की चालाकी के कारण अकबर को शम्भाजी के पास दक्षिण भारत में जाना पड़ा।
- अकबर के बेटे-बेटी बुलन्द अख्तर व सफीयतुनिशा को दुर्गादास ने अपने पास रखा। कालान्तर में ईश्वर दास नागर के कहने पर दुर्गादास ने इन्हें औरंगजेब को सौंप दिया था।

- 1708 में अजीतसिंह जोधपुर का राजा बना।
- दुर्गादास के नेतृत्व में अजीतसिंह को राजा बनाने के लिए 30 वर्ष तक ~~से~~ प्रयास किये गये इसे मारवाड़ राठौड़ो का 30 वर्षीय संघर्ष कहा जाता है।
- अजीतसिंह ने दुर्गादास को जोधपुर से निकाल दिया।
- अजीतसिंह ने अपनी बेटी इन्द्र कंवर की शादी मुगल बादशाह फर्रूखसियर के साथ की। यह अन्तिम हिन्दू राजकुमारी थी जिसकी शादी मुगल बादशाह से की थी।
- अजीतसिंह की हत्या उसके बेटे बख्तसिंह ने कर दी थी।
- अजीतसिंह के अन्तिम संस्कार में कई पशु-पक्षी जलकर मर गये थे।

दुर्गादास राठौड़

जन्म - सालवा
पिता - आसकरण
जागीर - तूणेवा पिता ने दी।

- मेवाड़ के अमरसिंह-II ने दुर्गादास को रामपुरा व विजयपुर की जागीर दी थी।
- दुर्गादास की छतरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के किनारे है।

उपाधियां - 1. राठौड़ो का यूलीसेज (जेम्स टॉड)
2. राजपूताने का गेरीबाल्डी
3. मारवाड़ का अणबींध्या मोती

12. अभयसिंह

खेजड़ली घटना – 1730 ई. (विक्रम सम्वत् 1787)
भाद्रपद शुक्ल दसमी

- अमृता देवी विश्नोई के नेतृत्व में 363 लोग पेड़ों को बचाने के लिए शहीद हो गये थे। इनके नाम से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में पुरस्कार दिया जाता है।
- खेजड़ली में वृक्ष मेला लगाया जाता है।

दरबारी विद्वान :-

1. करणीदान ⟶ सूरज प्रकास (बिड़द सिणगार)
2. वीर भाण ⟶ राजरूपक

इन दोनों पुस्तकों में अभयसिंह के अहमदाबाद आक्रमण का वर्णन किया गया है।

13. मानसिंह

- मानसिंह जब जालोर में था तो देवनाथ ने उसके राजा बनने की भविष्यवाणी की थी।
- जोधपुर में नाथ सम्प्रदाय के लिए महामंदिर बनवाया।
- पुस्तक – नाथचरित्त
- जोधपुर में मान पुस्तकालय बनवाया (मान पुस्तक प्रकाश)
- 1818 में अंग्रेजो के साथ संधि की।

दरबारी विद्वान - कविराजा बांकीदास जी Books ⟶ बांकीदास री ख्यात
मान जसो मण्डन
कुकवि बतीसी
दातार बावनी

गीत - आयो अंग्रेज मुल्क रे ऊपर → इस गीत में अंग्रेजों का साथ देने वाले राजाओं की आलोचना की है।

बीकानेर के राठौड़ो का इतिहास

1. राव बीका

- 1465 में करणीमाता के आशीर्वाद से बीका ने बीकानेर जीत लिया।
- 1488 में बीकानेर नगर की स्थापना की थी।
- बीकानेर की स्थापना अक्षयतीज के दिन हुई थी इसलिए अक्षयतीज को बीकानेर में पतंगे उड़ायी जाती है।
- कोडमदेसर में भैरूजी का मन्दिर बनवाया।
- करणीमाता राठौड़ो की इष्टदेवी है।

2. लूणकरण

- बीठू सुजा ने इसे 'कलयुग का कर्ण' कहा है।

3. जैतसी

रातीघाटी का युद्ध :- जैतसी V/S कामरान (हुमायूँ का भाई)
- इस युद्ध में जैतसी जीत गया।

जानकारी का स्त्रोत — राव जैतसी रो छन्द लेखक, बीठू सुजा

- कामरान ने पहले भटनेर पर अधिकार कर लिया था।

4. रायसिंह

- अकबर व जहाँगीर का मनसबदार था।
- पहले 4000 का मनसब दिया गया जिसे बढ़ाकर 5000 कर दिया गया।
- 1577 में अकबर ने 5 परगने दिये थे।
- जहाँगीर ने खुसरो के विद्रोह के समय आगरा की जिम्मेदारी रायसिंह को दी थी।

- रायसिंह ने बीकानेर में जूनागढ़ किले का निर्माण करवाया। (1589-94)
- जूनागढ़ का निर्माण कर्मचंद की देख-रेख में हुआ था।

रायसिंह की पुस्तके :- रायसिंह महोत्सव
वैद्यक वंशावली
ज्योतिष रत्नमाला
बालबोधिनी (ज्योतिष ग्रंथो पर टीका)

दरबारी विद्वान :-

1. जइता ⟶ रायसिंह प्रशस्ति (जूनागढ़ किले में)
2. जयसोम ⟶ कर्मचन्द्र वंशोत्कीर्णककाव्यम्
इस पुस्तक में रायसिंह को राजेन्द्र कहा गया है।

- मुंशी देवी प्रसाद ने रायसिंह को 'राजपूताने का कर्ण' कहा है

पृथ्वीराज राठौड़

- रायसिंह का छोटा भाई था।
- अकबर के दरबार में रहता था।
- अकबर ने इसे गागरोन का किला दिया था।

पुस्तक :- वेलि किसन रूक्मणी री
भाषा - डिंगल या उत्तरी राजस्थानी
- दुरसा आढ़ा ने इस पुस्तक को 5वां वेद तथा 19वां पुराण बताया है।
- जेम्स टॉड इस पुस्तक में 'दस सहस्त्र घोड़ो का बल' बताता है।

- एल.पी. टेस्सीटोरी ने पृथ्वीराज राठौड़ को 'डिंगल का होरेस' कहा है।
इटली के उदीने गांव का रहने वाला

5. कर्णसिंह

उपाधि - जांगलधर बादशाह

पुस्तक - साहित्य कल्पद्रुम

दरबारी विद्वान

गंगाधर मैथिल ⟶ 1. कर्ण भूषण

2. काव्य डाकिनी

6. अनूपसिंह

उपाधि - माही भरातिब (औरंगजेब ने अनूपसिंह को दक्षिण भारत जीत के बाद दी थी।)

- बीकानेर में अनूप पुस्तकालय का निर्माण करवाया।
- कुम्भा के संगीत ग्रन्थों का संकलन करवाया।
- विभिन्न संस्कृत पुस्तकों का राजस्थानी में अनुवाद करवाया।

जैसे- आनन्दराम ने गीता का अनुवाद किया था।

अनूपसिंह की पुस्तके :- 1. अनूप विवेक

2. काम प्रबोध

3. श्राद्ध प्रयोग चिन्तामणि

4. अनूपोदय - गीत गोविन्द (जयदेव) पर टीका।

दरबारी विद्वान :- भावभट्ट

- बीकानेर में उस्ता कला का विकास हुआ इसके लिए अली रजा व रुकनुद्दीन को लाहौर से बुलाया।
- बीकानेर में 33 करोड़ देवी-देवताओं का मन्दिर बनवाया।

इसमें हेरम्ब गणपति की मूर्ति है।

↳ शेर पर सवार गणेश जी

दक्षिण भारत में रहते हुए अनेक मूर्तियों का संग्रह किया तथा उन्हें नष्ट होने से बचाया। [illegible]

- 33 करोड़ देवी - देवताओं की साल मंडोर में है, अभयसिंह ने बनवायी थी।

7. सूरतसिंह

- 1805 में भटनेर पर अधिकार कर लेता है। तथा भटनेर का नाम हनुमानगढ़ कर देता है।
- 1814 में चूरू पर अधिकार कर लिया था। इस समय चूरू के किले से चाँदी के गोले चलाये गये थे।
  इस समय चूरू का सामन्त स्योजी सिंह (शिवजी) था।
- 1818 में अंग्रेजो से सन्धि कर लेता है।

8. रतनसिंह

- 1836 में गया (बिहार) में कन्या वध रोकने के प्रयास किये। (सामन्तों को प्रतिज्ञा करवायी थी)

दरबारी विद्वान :-

दयालदास —Book→ बीकानेर रा राठौड़ा री ख्यात

यह पुस्तक दो भागों में है

1. बीकानेर के राठौड़ो का वर्णन → बीका से लेकर सरदारसिंह तक का वर्णन है
2. जोधपुर के राठौड़ो का वर्णन

9. गंगासिंह

- 1899 में चीन में बॉक्सर विद्रोह को दबाया। अंग्रेजो ने कैसर-ए-हिन्द (सम्राट) की उपाधि दी।
- 1913 में प्रजा प्रतिनिधि सभा की स्थापना की।
- 1916 में B.H.U. की स्थापना के लिए मदनमोहन मालवीय को सर्वाधिक आर्थिक सहायता की थी।

- 1919 के पेरिस शांति सम्मेलन में भाग लिया था।
- 1921 में चेम्स फोर्ड ने चेम्बर्स ऑफ प्रिंसेज (नरेन्द्र मण्डल) की स्थापना की। गंगासिंह को इसका अध्यक्ष बनाया।
- 1927 में गंग नहर की स्थापना की।
- इस नहर का मुख्य इंजीनियर कंवरसेन था।
- तीनों गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। (1930, 31, 32)
- इसकी ऊँटो की सेना को, गंगा रिसाला कहा जाता था। इस सेना ने प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लिया था।

रामदेवरा
देशनोक
गोगामेड़ी
} ⇒ इन मन्दिरों का वर्तमान स्वरूप बनवाया था।

- अपने सिक्कों पर 'विक्टोरिया इम्प्रेस' लिखवाया था।
- मेवाड़ के स्वरूपसिंह ने सिक्कों पर 'दोस्ती लंदन' लिखवाया।

10. सार्दुल सिंह

- भारत की आजादी के समय बीकानेर का राजा।
- भारत की संविधान सभा में शामिल होने वाला प्रथम राजा।

{ सार्दुल स्पोटर्स स्कूल — बीकानेर
एकमात्र }

चौहानों का इतिहास

चौहानों की उत्पत्ति

1. अग्निवंश का सिद्धान्त :-

यह सिद्धान्त चन्दबरदाई ने अपनी पुस्तक पृथ्वीराज रासो में दिया था। इसके अनुसार तहीव वशिष्ट के आबू पर्वत के यज्ञ से चार जातियां उत्पन्न हुई - चौहान
चालुक्य
परमार
प्रतिहार

मुहणोत नैणसी तथा सूर्यमल्ल मीसण ने भी इस सिद्धान्त का समर्थन किया है।

2. विदेशी — जेम्स टॉड, विलियम कुक
3. सूर्यवंशी — गौरी शंकर हीराचन्द ओझा
4. चन्द्रवंशी — हांसी शिलालेख (हरियाणा)
5. वत्स गौत्रीय ब्राह्मण — बिजौलिया शिलालेख

बिजौलिया शिलालेख :- (1170 ई.)

- पार्श्वनाथ मन्दिर के पास स्थित है।
- लेखक - गुणभद्र
- इसके अनुसार चौहान राजा वासुदेव ने सांभर झील का निर्माण करवाया
- राजस्थान के विभिन्न नगरों के प्राचीन नाम पता चलते हैं।

H.M.

उत्पत्ति स्थल :-

सपादलक्ष (सांभर झील के आस-पास का क्षेत्र)

राजधानी - अहिच्छत्रपुर (नागौर)

1. वासुदेव

- 551 ई. में चौहान राज्य की स्थापना की थी।

2. गूवक

- प्रथम स्वतंत्र चौहान राजा।
- चौहान पहले प्रतिहारों के सामन्त थे।
- गूवक ने प्रतिहारों की अधीनता मानने से मना कर दिया।

3. चन्दराज

रानी - आत्मप्रभा (रुद्राणी)

- पुष्कर झील में भगवान शिव की पूजा करती थी।
- यह यौगिक क्रिया में निपुण महिला थी।

4. अजयराज

- 1113 में अजमेर की स्थापना करता है तथा यहाँ पर किले का निर्माण करवाता है। (अजयमेरु गढ़)
- अपनी रानी सोमलेखा के नाम से सिक्के चलाये।

5. अर्णोराज

- अजमेर में आना सागर झील का निर्माण करवाया।
- पुष्कर में वराह मन्दिर का निर्माण करवाया।

6. विग्रहराज चतुर्थ (1153-63)

- ढिल्लिका (दिल्ली) के तोमर राजाओं को हराया।
  - इसने दिल्ली - शिवालिक स्तम्भ लगवाया।
- बीसलपुर की स्थापना की। यहाँ पर तालाब तथा शिव मन्दिर का निर्माण करवाया।
- अजमेर में संस्कृत पाठशाला का निर्माण करवाया।
- इसने हरिकेलि नामक नाटक लिखा था। इस नाटक की पंक्तियाँ संस्कृत पाठशाला की दीवारों पर लिखवायी।
- कुतुबुद्दीन ऐबक ने इस संस्कृत पाठशाला को अढ़ाई दिन का झोंपड़ा (मस्जिद) में बदल दिया।

दरबारी विद्वान :-

सोमदेव ⟶ ललित विग्रहराज

उपाधियां - कवि बंधु
बीसलदेव

[नरपति नाल्ह ⟶ बीसलदेव रासो]

- यह गौडवाड़ी भाषा में है।
- गौडवाड़ी मारवाड़ी की एक उपभाषा है जो बाली (पाली) से लेकर आहोर (जालौर) तक बोली जाती है।

7. पृथ्वीराज -III (पृथ्वीराज-चौहान) 1177-92

पिता – सोमेश्वर

- 11 वर्ष की उम्र में राजा बना।
- माता कर्पूरी देवी संरक्षिका बनी।
- अपने चाचा नागार्जुन व अपरगांग्य के विद्रोह को दबाया
- गुरूग्राम व हिसार में भण्डानक जनजाति के विद्रोह को दबाया।

तुमुल का युद्ध (1182) — पृथ्वीराज V/S परमार्दिदेव-चन्देल (महोबा)
– पृथ्वीराज जीत गया।

परमार्दिदेव-चन्देल के सेनापति – आल्हा, ऊदल } ⇒ लड़ते हुए मारे गये।

- पृथ्वीराज ने पंजुनराय को महोबा का प्रशासक बनाया।
- 1184 में गुजरात के चालुक्य राजा भीम-II पर आक्रमण किया लेकिन जगदेव प्रतिहार ने सेंध लगवा दी।

कारण - पृथ्वीराज ने आबू की राजकुमारी इच्छनी देवी से शादी की थी जबकि भीम-II भी शादी करना चाहता था।

चौहान - गहड़वाल विवाद (पृथ्वीराज - जयचन्द (कन्नौज) विवाद)

कारण - 1. दिल्ली का उत्तराधिकार
2. पृथ्वीराज ने जयचन्द की बेटी संयोगिता का अपहरण कर उससे शादी कर ली।

जानकारी का स्रोत → दशरथ शर्मा की पुस्तक
द अर्ली चौहान डायनेस्टीज

तराईन का प्रथम युद्ध (1191 ई.) :- मोहम्मद गौरी v/s पृथ्वीराज चौहान

आक्रमण का कारण :- गौरी ने तबरहिन्द (भटिण्डा) पर अधिकार कर लिया
- पृथ्वीराज चौहान जीत गया।

पृथ्वीराज चौहान का सेनापति - चामुण्डराय
- दिल्ली के सामन्त गोविन्दराज ने गौरी को घायल कर दिया।

तराईन का दूसरा युद्ध (1192 ई.) :-
- पृथ्वीराज चौहान हार गया।
- पृथ्वीराज चौहान को सिरसा के पास सरस्वती में गिरफ्तार किया तथा मार दिया गया।

- हसन निजामी के अनुसार पृथ्वीराज ने कुछ दिनों मो. गौरी के अधीन शासन किया था।
- इस युद्ध में चामुण्डराय सेनापति नहीं था।

तराईन के युद्ध में हार के कारण :-

1. पृथ्वीराज के अपने पड़ोसी राज्यों से विवाद थे इसलिए किसी ने भी गौरी खिलाफ उनका साथ नहीं दिया।
2. तराईन के दूसरे युद्ध में गौरी के मुकाबले पृथ्वीराज की सेना कम थी तथा उसके अधिकतर सेनापति अन्य युद्धों में व्यस्त थे।
3. मो. गौरी एक अच्छा सेनापति था तथा उसने अपनी कूटनीति से पृथ्वीराज को हरा दिया था।
4. तराईन के पहले युद्ध के बाद पृथ्वीराज ने गौरी को युद्ध की तैयारी का समय दे दिया था।
5. पृथ्वीराज की सेना में हाथियों का प्रयोग किया जबकि तुर्क सेना घोड़ो का प्रयोग करती थी।

6. भारतीय सैनिकों की अपेक्षा तुर्क सेना ने हल्के हथियारों का प्रयोग किया।

तराईन युद्ध का परिणाम / महत्व / प्रभाव :-

1. पृथ्वीराज की हार के बाद मो. गौरी के उत्तराधिकारियों के लिए भारत में राज करना आसान हो गया।
2. राजपूतों की उभरती हुई महत्वाकांक्षाओं पर रोक लग गई तथा पृथ्वीराज के बाद कोई भी राजपूत राजा दिल्ली पर अधिकार नहीं कर पाया।
3. भारत पर विदेशी शासन की शृंखला प्रारम्भ हुई जो 1947 में जाकर समाप्त हुई।
4. भारतीय संस्कृति पर सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव पड़े।

सकारात्मक :- (i) हिन्दु-मुस्लिम साझी संस्कृति का विकास हुआ जिसके प्रभाव स्थापत्य कला व चित्रकला में दिखते हैं।

(ii) भारत में भक्ति व सूफि आन्दोलन प्रारम्भ हुआ।

नकारात्मक :- i) हिन्दु व बौद्ध संस्कृति का पतन हुआ। 1200ई. के बाद बौद्ध संस्कृति भारत से लगभग समाप्त हो गई।

पृथ्वीराज-चौहान की सांस्कृतिक उपलब्धियां

- दिल्ली के पास पिथौरागढ़ का निर्माण करवाया।
- कला एवं संस्कृति विभाग की स्थापना की। जिसका मंत्री पद्मनाभ था।

दरबारी विद्वान

1. चन्दबरदाई (पृथ्वीभट्ट) ⟶ पृथ्वीराज रासो

2. जयानक ⟶ पृथ्वीराज विजय

3. विद्यापति गौड़

4. वागीश्वर

5. जनार्दन

6. विश्वरूप

उपाधियां :- 1. राय पिथौरा

2. दल-पुंगल

प्रमुख मंत्री :- भुवनमल्ल

कैमास

पृथ्वीराज-चौहान का मूल्यांकन

पृथ्वीराज-चौहान पर अपरिपक्व सेनापति व अदूरदर्शी राजनेता होने का आरोप लगाया जाता है लेकिन ये आरोप गलत है। वह तराईन के दूसरे युद्ध से पहले किसी भी युद्ध में परीक्षित नहीं हुआ था इसलिए उसे अपरिपक्व सेनापति नहीं कहा जा सकता है।

पृथ्वीराज-चौहान अपने युग की सीमाओं में बंधा हुआ था दुश्मन की भागती हुई सेना पर हमला नहीं करना तथा माफी मांग लेने पर शत्रु को छोड़ देना उस समय की हिन्दू संस्कृति के आदर्श थे तथा पृथ्वीराज भी इन्हीं आदर्शों का पालन कर रहा था।

हालांकि उसकी हार ने भारत की गुलामी का मार्ग खोल दिया था लेकिन फिर भी मध्यकालीन इतिहास में उसके महत्व से इंकार नहीं किया जा सकता।

Q पृथ्वीराज-चौहान का एक शासक के रूप में मूल्यांकन कीजिए?

रणथम्भौर के चौहान

1. गोविन्दराज

- पृथ्वीराज चौहान का बेटा था।
- 1194 में रणथम्भौर में चौहान राज्य की स्थापना करता है।

2. हम्मीर (1282–1301)

चित्तौड़ — समरसिंह
(m.p.) धार — भोज
(u.p.) भीमरस — अर्जुन
⇒ इन्हें हम्मीर ने हराया।

- 1292 में जलालुद्दीन खिलजी के आक्रमण को विफल किया।

अलाउद्दीन खिलजी का आक्रमण (1301)

कारण :- हम्मीर ने अलाउद्दीन खिलजी के विद्रोही मुहम्मद शाह व केहब्रू को शरण दी थी।

अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति – उलुग खान
अलप खान
नुसरत खान → यह मारा गया

हम्मीर के सेनापति — धर्मसिंह
भीमसिंह

- रतिपाल व रणमल ने हम्मीर से विश्वासघात किया।
- रणथम्भौर में साका किया गया। (1301)
- रानी रंगदेवी ने जौहर किया।
- यह राजस्थान का पहला साका है।

- हम्मीर की बेटी देवलदे ने पद्मतालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। (जल जौहर)

हम्मीर की सांस्कृतिक उपलब्धियां

1. रणथम्भौर में 32 खम्भों की छतरी बनवाई।
(अपने पिता जैत्रसिंह के 32 साल शासन के कारण)

हम्मीर की पुस्तक – शृंगार हार

- हम्मीर ने कोटि यज्ञ करवाया था।
↓ पुरोहित
विश्वरूप

दरबारी विद्वान :-
राघवदेव – हम्मीर का गुरू
बीजादित्य

हम्मीर का मूल्यांकन :-

हम्मीर पर कर बढ़ाने तथा हठ के लिए युद्ध करने का आरोप लगाया जाता है लेकिन इन आरोपों से उसे मुक्त किया जा सकता है।

युद्ध के समय अधिक धन की आवश्यकता थी इसलिए कर बढ़ाये गये थे तथा ऐसा सभी राजा करते थे। युद्ध से पहले हम्मीर ने कर भी कर नहीं बढ़ाये थे।

शरणागत की रक्षा करना उस समय की हिन्दु संस्कृति का आदर्श था तथा हम्मीर भी उस आदर्श का पालन कर रहा था।

उसकी बहादुरी एवं शरणागत के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देने की प्रवृत्ति अविस्मरणीय है तथा हम्मीर को प्रथम पंक्ति में खड़ा कर देती है।

किसी कवि ने हम्मीर के बारे में ठीक ही कहा है -

सिंह गमन , सत्पुरुष वचन , कदली फलै इक बार ।
तिरिया तेल , हम्मीर हठ , चढ़ै न दूजी बार ॥

★ * झाईन दुर्ग को रणथम्भौर की चाबी कहा जाता है।

सोमनाथ - शिवजी
मन्दिर

जालौर के चौहान

जालौर का प्राचीन नाम - जाबालिपुर

- जालौर का किला सोनगिरि पहाड़ी पर स्थित था इसलिए इसे सुवर्णगिरी का किला कहा जाता है।
- इसी कारण जालौर के चौहानो को सोनगरा चौहान कहा जाता है

[जैसलमेर के किले को स्वर्णगिरी का किला कहा जाता है।]

1. कीर्तिपाल सोनगरा

- 1182 में जालौर में सोनगरा राज्य की स्थापना करता है।
- इसने चित्तौड़ के सामन्तसिंह को हरा दिया था।

2. कान्हड़देव सोनगरा

अलाउद्दीन खिलजी का सिवाणा पर आक्रमण (1308)

- सातल व सोम के नेतृत्व में सिवाणा का पहला साका हुआ।
- इस अनुचित विलय पर पटेल का जबाव था " राजस्थान वालों को गोकुल भाई भट्ट-चाहिए था वो हमने दे दिया।"

- हीरालाल शास्त्री को राजस्थान का प्रथम मनोनित मुख्यमंत्री बनाया गया।

मनोनित मुख्यमंत्री – हीरालाल शास्त्री
जयनारायण व्यास
सी. एस. वेंकटाचारी (ICS)

निर्वाचित मुख्यमंत्री – 1. टीकाराम पालीवाल (प्रथम) → बाद में उपमुख्यमंत्री बने।
2. जयनारायण व्यास
3. मोहनलाल सुखाड़िया – राजस्थान के सबसे युवा C.M.
– राजस्थान के सर्वाधिक समय रहने वाले C.M.

- सबसे कम समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री — हीरालाल देवपुरा (16 दि
↓
बाद में मंत्री बनाया गया

- पहले चुनाव (1951-52) में कांग्रेस के बाद सर्वाधिक सीटें रामराज्य परिषद् को मिली थी।

सातवां चरण

- फाजल अली की अध्यक्षता में राज्य पुनर्गठन आयोग बनाया गया।
इसके दो अन्य सदस्य – के. एम. पणिक्कर → बीकानेर की तरफ से संविधा सभा में सदस्य
हृदयनाथ कुंजरू

- इस आयोग की सिफारिशों की आधार पर –
1. आबू व देलवाड़ा राजस्थान में मिलाये गये।
2. अजमेर – मेरवाड़ा को राजस्थान में मिलाया।
3. मध्यप्रदेश का सुनेल टप्पा राजस्थान में मिलाया गया।
4. राजस्थान का सिरोंज मध्यप्रदेश में मिलाया।

– 1 Nov 1956 को राजस्थान का एकीकरण ~~सम्भ~~ सम्पन्न हुआ।

- 1 Nov 2000 को राजस्थान भारत का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राज्य बना।
(M.P. से छत्तीसगढ़ अलग हुआ)

- 1956 में सातवां संविधान संशोधन किया गया तथा राजप्रमुख का पद समाप्त कर दिया गया।

राजस्थान के प्रथम राज्यपाल – सरदार गुरूमुख निहालसिंह

- 1971 में 26वां संविधान संशोधन किया गया तथा राजाओं के प्रीवीपर्स समाप्त कर दिए गए।

- अजमेर पहले केन्द्र शासित प्रदेश था तथा वहाँ पर द्वारा सभा (30 सदस्य) होती थी तथा हरिभाऊ उपाध्याय इसके मुख्यमंत्री थे।

★ हरिभाऊ उपाध्याय ने अजमेर-मेरवाड़ा के राजस्थान में विलय का विरोध किया था।

- जयपुर व अजमेर में राजधानी को लेकर विवाद हो गया तथा इसके समाधान के लिए एक समिति बनायी गई।

⇓

सदस्य – सत्यनारायण राव
वी. विश्वनाथन
वी. के. गुप्ता

- इस समिति ने जयपुर को ही राजधानी बनाने की सिफारिश की।
- अजमेर को राजस्व विभाग दिया गया।
- 19 July 1948 को लावा ठिकाने को जयपुर रियासत में मिला दिया गया।

(134) 04/02/17 Naveen

कला एवं संस्कृति

(Art & Culture)

4/2/17

राजस्थान के त्यौहार :

विक्रमी संवत के महिने : (चन्द्रमा आधारित) $29\frac{1}{2} \times 12 = 354/355$

(1.) चैत्र	(7.) आश्विन
(2.) बैशाख	(8.) कार्तिक
(3.) ज्येष्ठ	(9.) मार्गशीर्ष
(4.) आषाढ	(10.) पौष
(5.) श्रावण	(11.) माघ
(6.) भाद्रपद	(12.) फाल्गुन

(134)

→ सूर्य आधारित कैलेण्डर से बराबर करने के लिए प्रत्येक 3rd वर्ष विक्रमी संवत में एक (1) अतिरिक्त महिना जोड़ दिया जाता है इसे अधिकमास कहा जाता है।

चन्द्रमा आधारित $29\frac{1}{2} \times 12 = 355$

सूर्य आधारित $= 365$

+10 दिन (1 साल में)

पौष - माघ → जनवरी

माघ - फाल्गुन → फरवरी

फाल्गुन - चैत्र → मार्च

चैत्र - बैशाख → अप्रैल

वैशाख - ज्येष्ठ — मई

ज्येष्ठ - आषाढ़ - जून

आषाढ़ - श्रावण जुलाई

श्रावण - भाद्रपद अगस्त

भाद्रपद - आश्विन सितम्बर

आश्विन - कार्तिक अक्टूबर

कार्तिक - मार्गशीर्ष नवम्बर

मार्गशीर्ष - पौष दिसम्बर

RAS Mains

तीज त्यौंहारा बावड़ी, लै डूबी गणगौर ॥

हिन्दु त्यौहार श्रावण शुक्ल तृतीया अर्थात (छोटी तीज) से शुरु होकर चैत्र शुक्ल तृतीय (गणगौर) पर समाप्त हो जाते हैं।

① श्रावण

कृष्ण पक्ष

पंचमी - नाग पंचमी

नवमी - निडरी नवमी
(नेवले की पूजा)

अमावस्या: हरियाली अमावस्या

मेले:
(1.) कल्पवृक्ष – मांगलियावास (अजमेर)
(2.) फतेहसागर झील मेला (उदयपुर)
(3.) बुड्ढा जोहड़ मेला (श्रीगंगानगर)

End

शुक्ल पक्ष

Start

तृतीया: - छोटी तीज
(जयपुर में छोटी तीज की सवारी प्रसिद्ध है)
→ यह पति-पत्नि के प्रेम का त्यौहार है।
→ यह प्रकृति-प्रेम का त्यौहार है।
→ इसमें महिलाएँ "लहरिया" ओढ़नी ओढ़ती है।
→ सिंजारा: नवविवाहिता के लिए ससुराल पक्ष से आने वाले उपहार

पूर्णिमा: रक्षाबन्धन
(नारियल पूर्णिमा)
→ इस दिन "श्रवणकुमार" की पूजा की जाती है।

② भाद्रपद (सबसे ज्यादा त्यौहार)

कृष्ण पक्ष

तृतीया: बड़ी तीज
or बूढ़ी तीज
or सातुड़ी तीज
or कजली तीज

→ बूँदी में बड़ी तीज की सवारी प्रसिद्ध है।

शुक्ल पक्ष

द्वितीया – "आबे री बीज"
(रामदेव जयन्ती)
→ रूणीचा (रामदेवरा) में रामदेवजी का मेला लगता है जो द्वितीया से लेकर ग्यारस तक चलता है।
→ इस मेले को "मारवाड़ का कुम्भ" कहा जाता है।

137

षष्ठी (छठ) :

ऊब छठ (लड़की पूरे दिन खड़ी रहती है अच्छे वर के लिए व्रत करती है)

हल छठ → (बलराम जयन्ती)
↓
भगवान कृष्ण के बड़े भाई

अष्ठमी :- कृष्ण जन्माष्टमी

नवमी :- गोगानवमी

इस दिन किसान "हल" को 9 गाँठ वाली राखी बाँधता है।

मेले :

(1) ददरेवा (चुरु)

(2) गोगामेड़ी (हनुमानगढ़)

द्वादशी/बारस :- बछबारस

(इस दिन साबूत अनाज का प्रयोग होता है, चाकू का प्रयोग नहीं होता)

अमावस्या :- सती अमावस्या

झुन्झुनु में मेला लगता है।

(3, 6, 9, 12, 15)
↑
8

चतुर्थी : (चौथ)

→ गणेश चतुर्थी

→ शिव चतुर्थी

→ कलंक चतुर्थी

→ पत्तरा चौथ

मेले :

1. त्रिनेत्र गणेश मेला - रणथम्भौर
2. 'धुंधी तीर्थ मेला' - जैसलमेर (गणेश जी का मेला)

पंचमी : ऋषि पंचमी

सप्त ऋषि की पूजा की जाती है।

'माहेश्वरी समाज का रक्षाबन्धन'

मेले :

1. भोजन-थाली मेला - कामां (भरतपुर)
2. हरिरामजी का मेला - झोरडा (नागौर) (साँप से बचाते हैं)

अष्टमी :

राधाष्टमी

→ सलेमाबाद (अजमेर) में निम्बार्क सम्प्रदाय का मेला होता है।
↓
इस सम्प्रदाय के लोग राधा को कृष्ण की पत्नि मानते हैं।

दसमी - तेजादसमी
परबतसर (नागौर) में पशु मेला

एकादशी -
जलझूलनी/देवझूलनी एकादशी
(इस दिन भगवान कृष्ण को नहलाया जाता है।)

चतुर्दशी :
अनन्त चतुर्दशी
(इस दिन गणेश विसर्जन किया जाता है।)

पूर्णिमा : भाद्र प्रारम्भ

③ आश्विन

कृष्ण पक्ष

भाद्र पक्ष (16 दिन)
(कोई मंगल काम नहीं होता है। 16 दिन)

→ साँझी की पूजा की जाती है।
गोबर और मिट्टी की गोल आकृति की पूजा की जाती है।

→ उदयपुर के 'मत्स्येन्द्र नाथ मन्दिर' को 'साँझी वाला का मन्दिर' कहा जाता है।

→ नाथद्वारा में केले की साँझी बनाई जाती है।

→ भाद्र पक्ष के अन्तिम दिन "थम्बुडा व्रत" किया जाता है।

शुक्ल पक्ष

एकम : शारद नवरात्र प्रारम्भ

अष्टमी : दुर्गाष्टमी
or
होमाष्टमी

दशमी : विजयादशमी

→ कोटा (राज०), मैसूर (कर्नाटक) के दशहरे प्रसिद्ध हैं।

→ हथियारों की पूजा की जाती है।

→ खेजड़ी की पूजा की जाती है।
(पर्यावरण दिवस)
↳ 5 June 1988 को खेजड़ी पर डाक टिकट जारी हुआ था।
↳ राज० का ऐसा पेड़ जिसकी हर चीज उपयोगी होती है।

(139)

→ इस दिन "लीलटांस" को देखना शुभ माना जाता है। (Kingfisher (चिड़िया), नीली टांग की)

कन्हैयालाल सेठिया ने लीलटांस नामक कविता लिखी।

पूर्णिमा :

(शरद पूर्णिमा, रास पूर्णिमा)

→ मारवाड़ महोत्सव / मांड महोत्सव (जोधपुर)
→ मीरा महोत्सव – चित्तौड़
} राज सरकार की तरफ से

(139) Naveen

④ कार्तिक

कृष्ण पक्ष

चतुर्थी : करवा चौथ

अष्टमी : अहोई अष्टमी
(सन्तान की लम्बी उम्र की कामना के लिए व्रत)

त्रयोदशी : धनतेरस
"धनवन्तरि जयन्ती"
(धनवन्तरि भारत के बहुत बड़े डॉ. थे।)

चतुर्दशी :- रूप चतुर्दशी

अमावस्या : दीपावली

शुक्ल पक्ष

एकम् :
→ गोवर्धन पूजा
→ नाथद्वारा में इस दिन अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है तथा भील जनजाति बड़ी संख्या में भाग लेती है।

द्वितीया : भैया दूज / यम द्वितीया

अष्टमी : गोपाष्टमी

नवमी :
→ आंवला नवमी / अक्षयनवमी
आंवला अक्षय (कभी खराब नहीं होता है) होता है।
(दिपावली के 9 दिन बाद आंवले खाते हैं।)

→ भगवान महावीर } का निर्वाण दिवस
→ दयानन्द सरस्वती }

एकादशी :
- देवउठनी एकादशी
- प्रबोधिनी एकादशी

→ इस दिन "पुष्कर मेला" प्रारम्भ होता है।

पूर्णिमा :
→ सत्यनारायण पूर्णिमा
→ इस दिन कार्तिक स्नान होता है।

मेले :
→ पुष्कर मेला
→ कोलायत मेला (बीकानेर)
→ चन्द्रभागा मेला (झालरापाटन) (चन्द्रभागा नदी के कारण)
→ रामेश्वरम् मेला (स. माधोपुर) झालावाड़
(चन्द्रभागा मेला में मालवी नस्ल के पशुओं का क्रय-विक्रय किया जाता है।)
मालवी नस्ल : M.P. (मालवा) के पशु होने के कारण

→ (कोलायत में कपिल मुनि रहते थे जिन्होंने सांख्य दर्शन दिया था।)
(Filosophy)

(140)

⑤ मार्गशीर्ष × (कोई त्योंहार नहीं)
⑥ पोष × (कोई त्योंहार नहीं)

(7) माघ

कृष्ण पक्ष	शुक्ल पक्ष
चतुर्थी : तिल चतुर्थी, संकटहरण चतुर्थी मेला : चौथ का बरवाड़ा (स. माधोपुर)	**एकम् :** गुप्त नवरात्र प्रारम्भ
एकादशी : षट्तिला एकादशी (6 प्रकार के तिल का दान)	**पंचमी :** बसन्त पंचमी (सरस्वती पूजा की जाती है।) → इस दिन गार्गी पुरस्कार दिया जाता है।
अमावस्या : मौनी अमावस्या (इस दिन मौन रहा जाता है।) → इस दिन "कुंभ मेले का शाही स्नान" होता है।	**पूर्णिमा :** → "नवाटापरा गाँव" (डूंगरपुर) में "वेणेश्वर मेला" भरता है। (एक मन्दिर का नाम) • यहाँ पर 'सोम, माही, जाखम' नदियाँ आकर मिलती है। • यहाँ पर खण्डित शिवलिंग की पूजा की जाती है। • वेणेश्वर को "आदिवासियों का कुम्भ" तथा "वागड़ का पुष्कर" कहा जाता है।

(8) फाल्गुन

कृष्ण पक्ष	शुक्ल पक्ष
त्रयोदशी – महाशिवरात्रि → शिवाड़ (स. माधोपुर) में "घुश्मेश्वर महादेव जी का मेला" भरता है।	**द्वितीया :** फुलेरा दूज (शादी के सावे) **पूर्णिमा :** होली → भिनाय (अजमेर) – कोड़ामार होली → महावीर जी (करौली) – लठमार होली → बाड़मेर – पत्थरमार होली (भिनाय में राज० की पहली सहकारी समिति (1904) में बनाई थी।)

→ इस दिन इलोजी (होलिका का पति) की बारात निकाली जाती है (बाड़मेर में)
(इलोजी : मारवाड़ में "छेड़छाड़ का देवता" कहते हैं)

→ इस दिन ब्यावर (अजमेर) में "बादशाह की सवारी" निकाली जाती है।
→ (इस दिन टोडरमल बादशाह होता है)

→ सांगोद (कोटा) - "न्हाण की झाँकियाँ" निकलती है

→ जयपुर में "जन्म - मरण - परण" का त्यौहार होता है।

(9) चैत्र

कृष्ण पक्ष

एकम् : धुलण्डी

अष्टमी : शीतला अष्टमी (बास्योडा)
इस दिन चाकसु (जयपुर) में "गधों का मेला" लगता है।
(शीतला माता का वाहन)

अष्टमी / नवमी :
ऋषभदेव मेला - धुलेव (उदयपुर)
जैनों के 1st भगवान (आदिनाथ)
भील जनजाति इन्हे केसरियानाथजी या कालाजी के रूप में पूजती है।

शुक्ल पक्ष

एकम् :
→ विक्रमी नव वर्ष प्रारम्भ (हिन्दुओं का नव वर्ष)
(अंग्रेजी कैलेण्डर से +57 आगे)
→ 1956 (विक्रमी संवत) में अकाल (छपनियाँ अकाल) पड़ा था।
1956 विक्रमी संवत = 1899 ई. सन (−57)

→ वृहत राज. का गठन (30 March, 1949)

→ बसन्त नवरात्रा प्रारम्भ

तृतीया : गणगौर
→ (जयपुर व उदयपुर की गणगौर की सवारी प्रसिद्ध है।)
→ जेम्स टॉड ने उदयपुर की गणगौर का वर्णन किया है।

142

एकादशी :

जौहर मेला (चित्तौड़गढ़)

(होली के 11 दिन बाद)

→ नाथद्वारा में इसे 'गुलाबी गणगौर' या 'चुनड़ी गणगौर' कहा जाता है।

(इस दिन भगवान कृष्ण को गुलाबी चुनड़ी पहनाई जाती है।)

→ यह (गणगौर) सर्वाधिक लोकगीतों का त्यौहार है।

→ इन दिन लड़कियाँ अपने लिए अच्छे पति तथा अपने भाई के लिए अच्छी पत्नि के लिए व्रत करती हैं।

→ जैसलमेर में "गणगौर" "चतुर्थी" को मनाई जाती है।

नवमी : राम नवमी

पूर्णिमा : हनुमान जयन्ती

मेले :

→ सालासर (चुरू) (दाढ़ी मूँछ वाले बालाजी)

→ मेंहदीपुर बालाजी (दौसा)

(बालाजी दक्षिण में विष्णु भगवान को कहा जाता है।)

(18) वैशाख

कृष्ण पक्ष	शुक्ल पक्ष
तृतीया : धींगा गवर जोधपुर में धींगा गवर मेला होता है (धींगा = जबरदस्ती)	**तृतीया :** अक्षय तृतीया इस दिन राज. में सर्वाधिक बाल-विवाह होते हैं। (बीकानेर का स्थापना दिवस) विक्रमी संवत = 1547 **पूर्णिमा :** → बुद्ध पूर्णिमा → पीपल पूर्णिमा (भगवान बुद्ध को पीपल के नीचे ज्ञान मिला था।) **मेले :** ① बाणगंगा मेला (विराटनगर) जयपुर ② गोमतीसागर मेला (झालरापाटन) (मालवी नस्ल के पशुओं का क्रय-विक्रय) ③ नक्की झील मेला - माउन्ट आबू ④ मातृकुण्डिया मेला - चित्तौड़ ⑤ गौतमेश्वर मेला - अरणोद (प्रतापगढ़) → इस दिन 'पोकरण में परमाणु परीक्षण' किया गया था।

(11) ज्येष्ठ

कृष्ण पक्ष

अमावस्या :

बड़मावस
(वट वृक्ष अमावस्या)

शुक्ल पक्ष

दसमी : गंगा दसमी

→ कांमा (भरतपुर) में गंगा दशमी मेला होता है।

एकादशी : निर्जला एकादशी

→ इस दिन उदयपुर में पतंगे उड़ाई जाती है।

(12) आषाढ

कृष्ण पक्ष

शुक्ल पक्ष

एकम : गुप्त नवरात्रा प्रारम्भ

नवमी : अहल्या नवमी

एकादशी : देवशयनी एकादशी

पूर्णिमा : गुरु पूर्णिमा
व्यास पूर्णिमा
(वेद व्यास (महाभारत के रचयिता) का जन्म दिन)

↓ Continue to सावन (कृष्ण पक्ष)

मुस्लिम त्यौहार

→ पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म "570 ई." में "मक्का (स. अरब)" में हुआ था
622 ई. में मोहम्मद साहब मक्का छोड़कर मदीना चले गये थे
इस घटना को "हिजरत" (अरबी में) कहा जाता है तथा इस दिन से हिजरी सम्वत (हिजरी कैलेण्डर) की शुरुआत होती है।

→ यह चन्द्रमा आधारित कैलेण्डर होता है। (लेकिन अधिकमास नहीं जोड़ा जाता)
632 ई. में मदीना में ही मोहम्मद साहब की मृत्यु हो गई थी।

महिनों का नाम :

मोहर्रम	रज्जब
सफर / सिफर	शाबान
रबी-उल-अव्वल → I	रमजान
रबी-उस-सानी - II	शव्वाल
जमात-उल-अव्वल	जिल्काद
जमात-उस-सानी	जिल्हिज

(इनमें केवल तारीख होती है)

(147)

① मोहर्रम :



10 तारीख :

→ मोहम्मद साहब का "दोहिता हुसैन" अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान (ईराक) में लड़ता हुआ मारा गया था उसकी याद में इस दिन "ताजिये" निकाले जाते हैं।

(147)

27 तारीख :

→ "गलियाकोट (डूंगरपुर)" में "सय्यद फखरुद्दीन का उर्स" (हिन्दुओं में मेला बोलते हैं।)
यह "दाउदी बोहरा सम्प्रदाय" का प्रमुख स्थान है।

② सफर :

20 तारीख :

→ हुसैन के मरने के चालीस दिन पूरे हुये थे।

→ **चेहल्लुम**

③ रबी - उल - अव्वल :

12 तारीख → ईद - मिलादुल नबी (मोहम्मद साहब का जन्म)
→ बाराबफात (मोहम्मद साहब की मृत्यु)

④ रबी - उस - सानी : ×

⑤ जमात - उल - अव्वल : ×

⑥ जमात - उस - सानी :

8 तारीख : फारस (ईरान) के 'संजरी गाँव' में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का जन्म

⑦ रज्जब :

1 - 6 तारीख : ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का "अजमेर में उर्स"
भीलवाड़ा का गौरी परिवार झण्डा चढ़ाकर उर्स की शुरुवात करता है।

27 तारीख :
मेराज की रात (इस रात को मोहम्मद साहब की खुदा से मुलाकात हुई थी)

यहूदी	ईसाई	इस्लाम
↓	↓	↓
मोजेस	जीसस (बाइबिल)	मोहम्मद साहब (कुरान)
ओल्ड टेस्टामेंट	ओल्ड टेस्टामेंट / न्यूटेस्टामेंट	
शुक्रवार - शनिवार	रविवार	शुक्रवार

(8) शाबान :

15 तारीख

शबेरात

→ इस रात मुस्लमान मक्का की हीरा पहाड़ी पर इकट्ठे होते हैं तथा अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं

(9) रमजान :

→ मुसलमानों का सबसे पवित्र महीना
इस महीने में रोजे रखे जाते हैं।

27 तारीख : शबेकद्र (इस दिन कुरान लिखी गई थी)

(10) शव्वाल :

1 तारीख ईद - उल - फितर (मीठी ईद)
(सिवैयों की ईद)
(भाईचारे का त्यौहार)

(11) जिल्काद : ×

(12) जिल्हिज :

इस महिने में मुसलमान हज यात्रा के लिए जाते हैं (8, 9, 10 तारीख)

10 तारीख : ईद - उल - जुहा (बकर ईद)
(कुर्बानी का त्यौहार)

जैन के त्यौहार

→ ऋषभ जयन्ती – चैत्र कृष्ण नवमी

→ महावीर जयन्ती – चैत्र शुक्ल त्रयोदशी

→ दसलक्षण पर्व
- चैत्र
- भाद्रपद
- माघ

} शुक्ल पंचमी से चतुर्दशी तक (1st, 6th, 11th) +5

भाद्रपद के दसलक्षण पर्व को "पर्यूषण पर्व" कहा जाता है।
(महा पर्व)

जैन
- अणुव्रत (गृहस्थी वाले)
- महाव्रत (साधु-महात्मा)

पर्यूषण
- दिगम्बर
  - पर्यूषण: भाद्रपद शुक्ल पंचमी से चतुर्दशी
  - आश्विन कृष्ण एकम् – पड़वा दोड़ (क्षमा याचना पर्व)
- श्वेताम्बर
  - पर्यूषण – भाद्रपद कृष्ण द्वादशी - शुक्लचतुर्थी
  - भाद्रपद शुक्ल पंचमी - संवत्सरी पर्व या क्षमा याचना पर्व

रोट तीज :- भाद्रपद शुक्ल तृतीया

सुगन्ध दसमी / धूप दसमी :- भाद्रपद शुक्ल दसमी

सिक्खों के त्यौहार

गुरु नानक जयन्ती — कार्तिक पूर्णिमा
(सिक्खों के 1st भगवान) मेले:
कोलायत (बीकानेर)
साहवा (चूरू)

गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती : — पौष शुक्ल सप्तमी
(सिक्खों के 10 वें भगवान)

लोहड़ी — 13 जनवरी

वैशाखी — 13 अप्रैल

13 अप्रैल 1699 को गुरु गोविन्द सिंह ने आनन्दपुर साहिब में "खालसा पंथ" की स्थापना की थी।

NOTE: (13 अप्रैल 1919 - जलियावाला हत्याकाण्ड)

सिन्धीयों के त्यौंहार

① चेटीचण्ड / झूलेलाल जयन्ती : चैत्र शुक्ल एकम्

(झूलेलाल को वरुण देव का अवतार माना जाता है।)

② थदडी सातम : भाद्रपद कृष्ण सप्तमी

(जन्माष्टमी से 1 दिन पहले)

ईसाईयों के त्यौंहार

गुड फ्राइडे : इस दिन ईसा मसीह को फांसी पर चढ़ाया गया था। गुड फ्राइडे ईस्टर से ठीक पहला फ्राइडे होता है।

ईस्टर : इस दिन ईसा मसीह पुर्नजीवित हुये थे। यह रविवार का दिन था। 2 मार्च से 22 अप्रैल के बीच जो पूर्णिमा आती है उसके ठीक बाद वाला रविवार, ईस्टर होता है।

असेन्शन डे : ईस्टर के 40 दिन बाद आता है। इस दिन ईसा मसीह वापस स्वर्गलोक चले गये थे।

राजस्थान के लोक देवता

① पाबू ② हडबू ③ रामदे, मांगलिया ④ मेहा ।
पाँचू पीर पधारज्यो, ⑤ गोगाजी जेहा ।।

पाबू हडबू रामदेवजी, मेहाजी, गोगाजी : ये 5 पीर हैं
↳ जिन्हें हिन्दु व मुसलमान दोनों मानते हैं।

① पाबू : (पाबूजी राठौड़)

जन्म स्थान : कौलूमण्ड (जोधपुर)

पिता : धाँधल

माता : कमला दे

पत्नी : फूलमदे / सुप्यार दे (अमरकोट की राजकुमारी)

पाबूजी की घोडी : "केसर कालमी"

→ देवल नामक चारण महिला की गायों की रक्षा के लिए अपने फेरों के बीच से उठकर आ गये थे तथा "देचू गाँव (जोधपुर)" में "जींदराव खींची" के खिलाफ लड़ते हुये मारे गये थे।
→ पाबूजी को "लक्ष्मण का अवतार" माना जाता है।
→ चाँदा व डामा नामक 2 भील भाई इनके सहयोगी थे।

(153)

→ पाबूजी को "ऊँट रक्षक देवता" कहा जाता है।
(राज० में सबसे पहले ऊँट लाने वाले पाबूजी थे।)

→ राईका / रैबारी / देवासी (ऊँट पालने वाली जाति) पाबूजी को अपना प्रमुख देवता मानते हैं।

→ पाबूजी को "प्लेग रक्षक देवता" भी कहा जाता है।

→ पाबूजी ने 7 थोरी (जाति) भाइयों को शरण दी थी।

→ कोलूमण्ड (जोधपुर) में "चैत्र अमावस्या" को पाबूजी का मेला लगता है। (▲होली के 15 दिन बाद)

→ पाबूजी की फड़ "सबसे लोकप्रिय फड़" है। भील जाति के भोपे (पाबूजी के पुजारी को बोलते हैं) फड़ को गाते समय "रावणहत्था" वाद्य यंत्र बजाते हैं।

→ पाबूजी के पवाड़े (भजन) (किसी वीर पुरुष की याद में गाये जाने वाले) माठ (बड़े मटके की तरह का) वाद्य यंत्र द्वारा गाये जाते हैं।

→ आशिया मोडजी की पुस्तक → "पाबू प्रकाश"

रामदेवजी : (रामदेवजी तंवर)

जन्म स्थान – उण्डू काश्मीर (बाड़मेर)

पिता – अजमालजी

माता – मैणादे

पत्नी – नेतल दे (अमरकोट की राजकुमारी)

मन्दिर – रुणीचा (रामदेवरा) (जैसलमेर)

यहाँ पर "**पर्चा (परचा) बावड़ी**" है।

(परचा में इनके चमत्कार होते हैं)

(156)

→ रामदेवजी पुस्तक – "**चौबीस बाणियाँ**"

→ रामदेवजी ने "**कामड़िया पंथ**" की शुरुआत की थी।

→ कामड़िया पंथ की महिलाओं द्वारा "**तेरहताली नृत्य**" किया जाता है।

→ "**भाद्रपद शुक्ल एकादशी**" को रामदेवजी ने जीवित समाधि ली थी।

→ "**भाद्रपद शुक्ल दसमी**" को "**डालीबाई**" (मेघवाल समाज) ने समाधि ली थी

→ रामदेवजी की धर्म बहिन

→ रामदेवजी के मन्दिर में "**पगल्ले**" पूजे जाते हैं।

→ **नेजा** – रामदेवजी का झण्डा (पचरंगा) (नेजा = झण्डा)

→ **लीलो** – रामदेवजी के घोड़े का नाम (लीला = घोड़ा)

→ **जमो** – रामदेवजी के जागरण

→ "**रिखिया**" – रामदेवजी के मेघवाल जाति के भक्त

(157) **गोगाजी :** (गोगाजी चौहान)

जन्मस्थान : ददरेवा (चुरू)

→ गोगाजी ने महमूद गजनवी के साथ युद्ध किया था तथा गजनवी ने इन्हें **"जाहिर पीर"** (साक्षात देवता) कहा था।

→ अपने मौसेरे भाईयों अरजन - सरजन के खिलाफ गायों की रक्षा करते हुये मारे गये थे।

→ ददरेवा (चुरू) के मन्दिर को **"शीर्ष मेडी"** (सिर कट कर गिरा था) तथा गोगामेडी (हनुमानगढ़) के मन्दिर को **"धुर मेडी"** (धड़ कट कर गिरा था)

→ **"सर्प रक्षक देवता"** के रुप में पूजे जाते हैं।

→ गोगाजी के मन्दिर **खेजडी के नीचे** बनाये जाते है।
(गोगाजी के मन्दिर को **मेडी** कहते हैं।) (मन्दिर को मेडी ही कहते है)

03/2/17 V. Imp → गोगामेडी का मन्दिर **"मकबरा शैली"** में बना हुआ है।
मन्दिर में **"बिस्मिल्लाह लिखा"** हुआ है।

→ खिलेरियों की ढाणी (सांचौर, जालौर) में गोगाजी की **ओल्डी** (छोटा मन्दिर) बनी हुई है।

हडबूजी सांखला :

→ ये रामदेवजी के मौसेरे भाई थे।

→ इन्होंने जोधा को मण्डोर जीतने का आशीर्वाद दिया था। तथा उसे एक कटार भेंट की थी। मण्डोर जीतने के बाद जोधा ने इन्हें बैंगटी (जोधपुर) गाँव दिया जहाँ पर ये बूढ़ी तथा विकलांग गायों की सेवा करते थे।

→ जोधपुर महाराजा अजीतसिंह ने यहाँ मन्दिर का निर्माण करवाया। मन्दिर में "हडबूजी की बैलगाड़ी की पूजा" की जाती है।

→ हडबूजी का वाहन — "सियार"

→ हडबूजी "शकुनशास्त्र (भविष्य वक्ता)" के ज्ञाता थे।

मेहाजी मांगलिया :

→ मुख्य मंदिर : बापीणी (जोधपुर)

→ जैसलमेर के "रावलदेव भाटी" के खिलाफ युद्ध में मारे गये थे।

→ इनके घोड़े का नाम : किरड काबरा

→ इनके भोपों के वंश वृद्धि नहीं होती है ये सन्तान को गोद लेकर वंश आगे बढ़ते हैं।

→ इनका मेला 'कृष्ण जन्माष्टमी' को लगता है।

तेजाजी : (पाँच पीर में तेजाजी का नाम नहीं आता)

→ खरनाल (नागौर) में एक जाट परिवार में जन्म हुआ था।

→ पत्नि : पेमल दे

→ तेजाजी अपनी पत्नि को लाने अपने ससुराल पनेर (अजमेर) जा रहे थे।

→ "सुरसुरा (अजमेर)" नामक गाँव में लाछा नामक गुजरी महिला की गायों को बचाते हुये घायल हुये। तथा एक साँप के काटने से इनकी मृत्यु हो गई थी।

→ जोधपुर महाराजा **अभयसिंह** के समय परबतसर (नागौर) में तेजाजी का मन्दिर बनवाया गया।

→ तेजाजी "सर्पदंश देवता" है।
इन्हें "कालाबाला का देवता" भी कहा जाता है।
कालाबाला - बिमारी

→ "हल जोतते समय" किसान "तेजाजी का गीत" गाता है।

Imp. 2010 में तेजाजी पर डाक टिकट जारी किया गया
(उस समय सचिन पायलट राज. के सूचना व प्रसारण मंत्री थे (अजमेर से))

→ तेजाजी की बहिन बुंगरी माता का मन्दिर खरनाल (नागौर) में बना हुआ है।

देवनारायण जी (औषधि का देवता)

→ जन्म स्थान : **आसीन्द (भीलवाड़ा)**
इनका जन्म बगडावत गुर्जर परिवार में हुआ था।
पिता : "सवाई भोज"

→ इन्हें (देवनारायणजी) "**विष्णु भगवान का अवतार**" माना जाता है।

→ इन्हें "**औषधि का देवता**" कहा जाता है। इनके मन्दिर में नीम के पत्ते चढ़ाये जाते हैं।
इनके मन्दिर में मूर्ति नहीं होती बल्कि **ईंटों की पूजा** की जाती है।

→ देवनारायणजी की फड़ सबसे लम्बी फड़ है।
  → यह "**जन्तर वाद्य यंत्र**" द्वारा गायी जाती है।
  → इस फड़ पर डाक टिकट जारी हो चुका है।

मेला : "**भाद्रपद शुक्ल सप्तमी**"

मुख्य मन्दिर :
1. आसीन्द (भीलवाड़ा)
2. जोधपुरिया (टोंक)
3. देवमाली (अजमेर)

(161)

देवबाबा :

मुख्य मन्दिर : नगला जहाज (भरतपुर)

→ देवबाबा पशु चिकित्सक थे।

→ इन्हें खुश करने के लिए 7 ग्वालों को भोजन करवाना पड़ता है।

मेले : → भाद्रपद शुक्ल पंचमी (ऋषि पंचमी के दिन)

→ चैत्र शुक्ल पंचमी

(161)

मल्लीनाथ जी :

→ ये "मारवाड़ के राठौड़ राजा" थे।

→ मुख्य मन्दिर : तिलवाड़ा (बाड़मेर)

→ यहाँ पर होली के अगले दिन से शुरु होकर 15 दिन तक "मल्लीनाथ पशु मेला" होता है।

→ मालाणी नस्ल के पशु का क्रय-विक्रय

→ मल्लीनाथ जी "भविष्यवक्ता" थे।

→ इनकी रानी रूपा दे का मन्दिर मालाजाल (बाड़मेर) में है।

तल्लीनाथ जी (गांगादेव राठौड़) (ओरण का देवता)

→ ये "शेरगढ़ (जोधपुर)" के राजा थे।

→ इनके गुरु : जलन्धर नाथ

→ मुख्य मंदिर : पांचोटा (जालौर)

→ इन्हें "ओरण का देवता" कहा जाता है।

ओरण : मन्दिर के आस-पास छोड़ी गई जमीन जहाँ से पेड़-पौधे नहीं काट सकते

बिग्गा जी :

→ मुख्य मंदिर : रीडी (बीकानेर)

→ गायों की रक्षा करते हुए शहीद हो गये थे।

→ ये जाखड़ समाज (जाट) के कुल देवता हैं।

खेतला जी :

मुख्य मंदिर : सोनाणा (पाली)

मेला : "चैत्र शुक्ल एकम" को मेला लगता है।

यहाँ पर "हकलाने वाले बच्चों का इलाज" होता है।

हरिराम जी :

→ मुख्य मंदिर : झोरडा (नागौर)

→ "सर्प रक्षक देवता"

→ मेला : "भाद्रपद शुक्ल पंचमी"

→ मंदिर में "सांप की बांबी" की पूजा की जाती है।

↓ सांप का बिल

(162)

झरडाजी :

→ पाबूजी के भतीजे थे।

→ **जींदराव खींची** (जायल का राजा) को मारकर अपने पिता व चाचा की हत्या का बदला लिया।

मन्दिर : ① **कोलुमण्ड** (जोधपुर)

② **सिंभूदडा** (बीकानेर)

→ इन्हें रूपनाथ भी कहा जाता है।

→ हिमाचल प्रदेश में इन्हें "बालक नाथ" कहा जाता है।

जुन्सारजी :

→ जन्म स्थान : **इमलोहा (सीकर)**

→ "**स्यालोदडा (सीकर)**" गाँव में गायों की रक्षा करते हुए मारे गये थे। यहाँ पर "दुल्हा - दुल्हन" तथा "इनके 3 भाई" की मूर्तियाँ बनी हुई है।

→ रामनवमी के दिन यहाँ पर मेला लगता है।

वीरफताजी :

मुख्य मंदिर : सांथू (जालौर)

"भाद्रपद शुक्ल नवमी" को इनका मेला लगता है।

आलमजी :

मुख्य मंदिर : धोरी मन्ना (बाड़मेर)

आलम जी को "**धोडा रक्षक देवता**" कहा जाता है।

आलम जी जैतमालोत राठौड़ थे।

केसरिया कुंवरजी :

→ गोगाजी के बेटे थे।
→ इन्हें भी "सर्पदंश देवता" के रूप में पूजा जाता है।

मामादेव :

→ ये "बरसात के देवता" हैं।
→ इनका मन्दिर नहीं होता है बल्कि इनके "तोरण की पूजा" की जाती है।
→ इन्हें खुश करने के लिए 'भैंसे की बली' देनी पड़ती है।

डूंगजी - जवाहर जी :

→ "आलोड - पाटोदा (सीकर)" गाँव के सामन्त थे तथा अमीरों को लूट कर उनका धन गरीबों में बाँट दिया करते थे।
→ इन्हें अंग्रेजों की नसीराबाद की छावनी लूट ली थी।

प्रमुख सहयोगी :

लोहट जी जाट
करणा जी मीणा



राजस्थान की लोक देवियाँ

करणी माता :

→ जन्म : सुआप (जोधपुर)
"चारण परिवार" में जन्म हुआ।

→ बचपन का नाम : रिद्धि बाई

→ मुख्य मन्दिर : "देशनोक (बीकानेर)"

→ इसे चूहों का मन्दिर कहा जाता है।
चूहों को 'काबा' कहा जाता है।
सफेद कावे के दर्शन शुभ माने जाते हैं।

→ करणी माता को "दाढ़ी वाली डोकरी" कहा जाता है।

→ करणी माता का प्रतीक : चील

नेहड़ीजी का मन्दिर :

देशनोक

→ यहाँ करणी माता स्वयं रहती थी।

→ करणीमाता, खुद "तेमडेराय माताजी" की पूजा करती थी।
↳ इनका मन्दिर भी देशनोक में है।

(नेहड़ी : बिलौने की लकड़ी)

10/2/17

जीण माता :

→ मुख्य मन्दिर : रैवासा (सीकर)

→ इनके भाई हर्ष का मन्दिर भी पास में ही हर्ष पहाड़ी पर बना है।

→ जीणमाता के मन्दिर का निर्माण चौहान राजा पृथ्वीराज-I के "सामन्त हट्टड मोहिल" ने करवाया था।

→ जीणमाता "चौहानों की इष्ट देवी" है।

"जीणमाता का लोकगीत सबसे लम्बा है।"

→ जीणमाता को "मधुमक्खियों की देवी" कहा जाता है।

→ औरंगजेब ने माताजी का छत्र बनवा कर भेजा था।

→ औरंगजेब इस मन्दिर के दीपक का घी भेजा करता था। (अभी भी केन्द्र सरकार इसका घी भेजती है।)

कैला माता :

→ करौली की त्रिकुट पहाड़ी पर मन्दिर बना हुआ है।

→ करौली के "जादौन राजवंश" की कुलदेवी है।

→ इन्हें हनुमानजी की माता अजंनी तथा कृष्ण की बहिन माना जाता है।

→ इनके भक्तों को लांगुरिया कहा जाता है।

→ "चैत्र शुक्ल अष्टमी" को इनका "लक्खी मेला" लगता है।
(इनको माताजी का सौम्य रुप माना जाता है। यह शक्ति का रुप नहीं है इसलिए केवल चैत्र (नवरात्रा) में ही मेला लगता है।)

→ इनके मन्दिर के सामने "बोहरा भक्त की छतरी" है जहाँ पर छोटे बच्चों का इलाज किया जाता है।

सकराय माता :

→ मुख्य मन्दिर : उदयपुरवाटी
→ अन्य नाम : शाकम्भरी माता
→ ये "चौहानों की इष्ट देवी" हैं।
→ यह "खण्डेलवाल की कुल देवी" हैं।
→ अन्य मन्दिर : ① सांभर (जयपुर)
② सहारनपुर (U.P.)

आशापुरा माता :

→ मुख्य मन्दिर : नाडोल (पाली)
मोदरा (जालौर)
→ चौहानों की कुल देवी हैं। बिस्सा ब्राह्मणों की कुल देवी भी हैं।
इनकी पूजा करने वाली महिलाएँ पूजा करते समय हाथों में मेहन्दी नहीं लगाती तथा पूजा करते समय घूँघट निकालती हैं।

तन्नौट माता :

→ मुख्य मन्दिर : तन्नौट (जैसलमेर)
→ BSF के जवान इनकी पूजा करते हैं।
→ इन्हें "थार की वैष्णो देवी" कहा जाता है।
→ इन्हें "रुमाल की देवी" कहा जाता है।
(रुमाल बाँधते हैं।)

कुल देवी - Compulsory

आई माता :

→ मुख्य मंदिर - बिलाड़ा (जोधपुर)

→ "सिरवी समाज की कुल देवी"

→ इनके मुख्य मन्दिर को बडेर तथा अन्य मन्दिर को दरगाह कहा जाता है।

→ इनके मुख्य मंदिर के दीपक की ज्योति से केसर टपकती है। (यहाँ के दीपक की ज्योति से दीवार काली नहीं होती)

→ आई माता 'रामदेवजी की शिष्या' थी। अतः इन्होंने भी छुआछूत दूर करने तथा हिन्दु-मुस्लिम एकता स्थापित करने के प्रयास किये थे।

(168)

सच्चियाय माता :

→ मुख्य मंदिर - ओसियां (जोधपुर)

→ ओसवाल समाज (बनिया) की कुल देवी

→ इस मन्दिर का निर्माण गुर्जर प्रतिहार ने "महामारू शैली" में करवाया था।

भारत में मन्दिर की शैली

नागर (उत्तर)

वेसर (Mixed)

द्रविड (दक्षिण)

राणी सती :

→ मुख्य मन्दिर : झुन्झुनु

→ वास्तविक नाम : "नारायणी देवी"

→ अपने पति "तनधनदास अग्रवाल" के साथ सती हुई थी।

→ इन्हें दादी सती भी कहा जाता है।

नारायणी देवी :

→ मुख्य मंदिर : अलवर
→ **नाई जाति** से संबंधित थी तथा अपने पति के साथ सती हुई थी
→ "नाई जाति की **कुल देवी**"
→ मीणा जाति के लोग भी इनकी पूजा करते हैं।

सुंधा माता :

→ **जालौर** में भीनमाल के पास जसवन्तपुरा की पहाड़ियों में चामुण्डा माता का मन्दिर बना है जिन्हें हम सुंधा माता के नाम से जानते हैं (सुंधा पहाड़ी पर बसे होने के कारण)

→ यहाँ पर रोप - वे (Rope-way) स्थापित किया गया है।
यहाँ पर भालू अभयारण्य स्थापित किया गया है।

(169)

चामुण्डा माता :

→ जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में मुख्य मन्दिर है।
→ यहाँ पर 30 सितम्बर 2008 के दिन दुर्घटना हो गई थी जिसकी जाँच के लिए जसराज चोपड़ा आयोग बनाया गया था।

शीतला माता :

→ मुख्य मंदिर : चाकसू (जयपुर)
→ निर्माण : "**माधोसिंह -I द्वारा**"
→ कुम्हार जाति के लोग पुजारी होते हैं।
→ इन्हें "**चेचक रक्षक देवी**" के रूप में पूजा जाता है।
बांझ महिलाएँ सन्तान प्राप्ति के लिए इनकी पूजा करती हैं।
→ एकमात्र देवी जिनकी खण्डित मूर्ति की पूजा की जाती है।

आवरी माता :

→ मुख्य मंदिर : निकुम्भ (चित्तौड़गढ़)

→ यहाँ पर "लकवाग्रस्त व्यक्ति का इलाज" किया जाता है।

बड़ली माता :

→ मुख्य मंदिर : आकोला (चित्तौड़गढ़)

→ यहाँ पर छोटे बच्चों का इलाज किया जाता है।

महामाया :

→ मावली (उदयपुर) में मंदिर है।

→ यहाँ पर भी छोटे बच्चों का इलाज किया जाता है।

अम्बिका माता :

→ मुख्य मंदिर : जगत (उदयपुर)

→ इस मंदिर को "मेवाड़ का खजुराहो" कहा जाता है।
(खजुराहो के मन्दिर M.P. में है जिन्हे चन्देल वंश के राजाओं ने बनवाया था।)

भद्राणा माता :

→ मुख्य मंदिर : कोटा

→ "मूठ" पीड़ित व्यक्ति का इलाज किया जाता है।
↳ (जादू-टोना से पीड़ित व्यक्ति)

आछणी माता :

→ मुख्य मंदिर : सोरसन (बारां)

→ एकमात्र देवी जिनकी "पीठ की पूजा" की जाती है।

→ यहाँ पर भी "गधो का मेला" (माघ शुक्ल सप्तमी) लगता है।

त्रिपुर सुन्दरी :

→ मुख्य मंदिर : "ललवाड़ा (बाँसवाड़ा)"

→ इन्हें "तुरतई माता" भी कहा जाता है।

ज्वाला माता :

→ मुख्य मंदिर : जोबनेर (जयपुर)

→ "खंगारोतों (कछवाहा) की इष्ट देवी"

छींक माता :

→ मुख्य मंदिर : जयपुर

→ माघ शुक्ल सप्तमी को मेला लगता है।

नकटी माता :

→ मुख्य मंदिर : जय भवानीपुरा (जयपुर)

→ नाक टूटी हुई है।

कैवाय माता :

→ किणसरिया (नागौर)

दधीमती माता :

→ मुख्य मंदिर : गोठ, मांगलोद (नागौर)

→ दाधीच ब्राह्मणों की कुल देवी

भंवाल माता :

→ मुख्य मंदिर : भंवाल मेड़ता (नागौर)

→ इन्हें 2½ प्याला शराब पिलाई जाती है।

मरकण्डी माता : - निमाज (पाली)

क्षेमकरी माता : - भीनमाल (जालौर)

हर्षद माता : - आभानेरी (दौसा)

जिलाणी माता : - अलवर

धेवर माता : - राजसमन्द (राजसमन्द झील की नींव लगाई थी)

राजेश्वरी माता : - भरतपुर (भरतपुर के राजवंश (जाट) की कुल देवी)

(172)

स्वांगिया माता :

→ मुख्य मंदिर : भादरिया (जैसलमेर)

(स्वांग - भाला)

→ जैसलमेर के "भाटी राजवंश की कुल देवी"

प्रतीक : "सुगन चिड़ी"

→ "आवड माता" को भी इनका रूप माना जाता है।

└→ इनका मन्दिर (जैसलमेर) में बना है।

* भादरिया में विश्व का सबसे बड़ा "भूमिगत पुस्तकालय" है।

लटियाल माता :

→ मुख्य मंदिर : फलौदी

→ "कल्ला ब्राह्मणों" की कुल देवी

कंठेसरी माता :

आदिवासियों की कुल देवी

Naveen
(172)

राजस्थान के लोक संत

दादूदयाल :

→ जन्म : अहमदाबाद

(गुरु गोविंद सिंह का जन्म: पटना)

→ दादूदयालजी को "राजस्थान का कबीर" कहा जाता है।
इन्होंने निर्गुण भक्ति का सन्देश दिया था।

→ मुख्य पीठ (केन्द्र) : "नरैना (जयपुर)"

→ आमेर के राजा भगवन्तदास ने दादूदयालजी की मुलाकात फतेहपुर सिक्री में अकबर से करवाई।

→ दादूदयालजी ने अपने उपदेश "ढूंढाडी" में दिये थे।

→ दादूदयालजी के प्रमुख 52 शिष्य थे जिन्हें "52 स्तम्भ" कहा जाता है।

→ दादूपंथ की शाखाएँ :

1. खालसा
2. विरक्त
3. उतरादे
4. खाकी
5. नागा

→ दादूपंथ के मंदिरों को "दादूद्वारा" कहा जाता है।
  └→ यहाँ पर दादूदयालजी के ग्रन्थ "वाणी" की पूजा की जाती है।

→ सत्संग स्थान को "अलख दरीबा" कहते हैं।

→ दादूपंथी मृत व्यक्ति के शरीर को खाने के लिए छोड़ देते हैं।

→ दादूजी का शरीर "भैराणा की पहाड़ी (जयपुर)" में रखा गया था। जिसे "दादू खोल / दादू पालड़ा" कहा जाता है।

→ दादूजी के प्रमुख शिष्य :

① रज्जब जी : सांगानेर के पठान थे।
→ इन्होंने दादूजी के उपदेश सुनकर शादी नहीं की तथा "आजीवन दूल्हे के वेश" में रहे।

रज्जबजी की पुस्तकें :
1. रज्जब वाणी
2. सर्वंगी

② सुन्दरदास जी :
→ इन्होंने नागा शाखा की स्थापना की
→ नागा साधुओं ने मराठा आक्रमणों के समय जयपुर के राजा प्रतापसिंह की मदद की।
→ नागा साधु अपने साथ हथियार रखते थे। इनके रहने के स्थान को धावनी कहा जाता था।
→ "गेटोलाव (दौसा)" में सुन्दरदासजी की समाधि बनी हुई है।

③ जाम्भोजी :
→ पीपासर (नागौर) में एक पंवार राजपूत परिवार में जन्म हुआ था।
→ इन्हें "विष्णु का अवतार" माना जाता है।
→ बचपन का नाम : धनराज था।

→ "समराथल (बीकानेर)" नामक स्थान पर इन्होंने अपने अनुयायीयों को "29 उपदेश" दिये थे इसलिए इनके अनुयायी "बिशनोई (बिस + नौ)" कहलाते है।

→ "मुकाम (बीकानेर)" में जाम्भोजी का मन्दिर बना हुआ है जहाँ पर "आश्विन तथा फाल्गुन अमावस्या" को मेला लगता है।

→ ये सिकन्दर लोधी के समकालिन थे।
↳ इसने जाम्भोजी के कहने पर गौ हत्या बंद कर दी थी।

→ बीकानेर क्षेत्र में अकाल के समय जाम्भोजी के कहने पर सिकन्दर लोधी ने चारा भेजा था।

जाम्भोजी की प्रमुख शिक्षाऐं :-

(1) हरे पेड़ नहीं काटने चाहिए।

सिर साटे (के बदले) रुख (पेड़) रहे, तो भी सस्तो जाण।।

मुख्य : खेजड़ी

(2) जीव हिंसा नहीं करनी चाहिए। मुख्य : हिरण

(3) नीले कपड़े नहीं पहनने चाहिए।

(4) विधवा विवाह किये जाने चाहिए।

* "जाम्भोजी को "वैज्ञानिक संत" कहा जाता है।"

(176) 11/2

11/02/17

जसनाथ जी :

→ जन्म स्थान - **कतरियासर (बीकानेर)** जाट परिवार

→ मुख्य मंदिर - कतरियासर

→ सिकन्दर लोदी के समकालिन थे।

→ अपने अनुयायीयों को "36 उपदेश" दिये थे।

→ इनके अनुयायी गले में काली ऊन के धागें पहनते हैं।

→ "मोर पंख" तथा "जाल वृक्ष" को पवित्र मानते हैं।

→ इनके अनुयायीयों द्वारा अग्नि नृत्य करवाया जाता है।

ग्रन्थ :

1. सिंभुदड़ा
2. कोडा

} (इनके उपदेश।)

चरणदास जी :

→ जन्म स्थान - **डेहरा (अलवर)**

→ मुख्य केन्द्र - अलवर

→ अपने अनुयायीयों को "42 उपदेश" दिये।

→ इनके अनुयायी "पीले रंग के कपड़े" पहनते थे।

→ इन्होंने नादिर शाह [(1739 ईरान राजा - भारत पर आक्रमण)] के आक्रमण की भविष्यवाणी की थी।

प्रमुख शिष्या:

(1.) दया बाई — पुस्तकें → दया बोध, विनय मलिका

(2.) सहजो बाई — पुस्तकें → सहज प्रकाश

→ इस सम्प्रदाय के लोग "सखी भाव" से श्रीकृष्ण भगवान की पूजा करते हैं।

→ "सगुण" (भक्ति पूजा वाले) तथा "निर्गुण" दोनों की शिक्षा दी थी

→ उपदेश "मेवाती भाषा" में दिये थे।

संत पीपा:

→ वास्तविक नाम - प्रताप सिंह खिंची

→ "गागरोण (झालावाड़) के राजा" थे।

→ रामानन्दजी के शिष्य थे। (12 शिष्य थे)

(भक्ति आंदोलन → 7वी - 8वी सदी)

→ संत पीपा "दर्जी समाज के प्रमुख देवता" है।

→ इन्होने निर्गुण भक्ति का संदेश दिया था।

→ "समदड़ी (बाड़मेर)" में संत पीपा का 'मुख्य मंदिर' तथा "गागरोण" में 'छतरी' बनी हुई है।

→ "टोडा (टोंक)" में संत पीपा की 'गुफा' बनी हुई है।

संत धन्ना :

→ जन्म : धुवन (टोंक) (जाट परिवार में)

→ यह भी रामानन्द जी के शिष्य थे।

#→ राजस्थान में भक्ति आन्दोलन शुरू किया था।

→ "बोरानाडा (जोधपुर)" में इनका मंदिर बना हुआ है।

संत हरिदास जी :

→ वास्तविक नाम - हरिसिंह सांखला

→ पहले डाकू थे परन्तु बाद में संत बन गये

→ इन्होने हरिदासी या "निरजंनी सम्प्रदाय" चलाया था

→ इन्होने "निर्गुण व सगुण" दोनों प्रकार की भक्ति का संदेश दिया था।

मुख्य केन्द्र - "गाढा (डीडवाना)"

→ पुस्तकें :
1. मन्त्र राजा प्रकाश
2. हरि पुरुष जी की वाणी

Imp

संत मावजी :

→ जन्म स्थान :- साबला (डूंगरपुर)

→ इन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पूजा "निष्कलंक अवतार" के रूप में की थी।

→ इन्होंने निष्कलंकी सम्प्रदाय चलाया था।

→ इन्होंने कृष्ण लीला की रचना "वागड़ी भाषा" में की थी

→ संत मावजी ने बेणेश्वर धाम (डूंगरपुर) में की थी।

प्रमुख ग्रंथ (i) चौपड़ा Imp.

↳ इस ग्रन्थ में 3rd विश्व युद्ध की भविष्यवाणी है।

बालनन्दाचार्य :

→ मुख्य पीठ - लोहार्गल (झुंझुनू)

→ यह अपने पास सेना रखते थे इसलिए इन्हें "लश्कर संत" कहा जाता है।

→ यह औरंगजेब के समकालीन थे।

→ इन्होंने 52 मूर्तियों को औरंगजेब से बचाकर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया था।

→ इन्होंने औरंगजेब के खिलाफ मेवाड़ के राजसिंह तथा मारवाड़ के दुर्गादास राठौड़ की सहायता की थी।

(180)

नरहड़ पीर :

→ वास्तविक नाम : हजरत शक्कर बाबा

→ मुख्य केन्द्र : "नरहड़ (झुंझुनु)"

→ "कृष्ण जन्माष्टमी" को इनका उर्स लगता है। यहाँ पर पागलों का इलाज किया जाता है।

Rem → यह साम्प्रदायिक सौहार्द्र तथा हिन्दु - मुस्लिम एकता का स्थान है।

→ इन्हे "बांगड़ का धणी" कहा जाता है।

→ "सलीम चिश्ती" इनका शिष्य था।

मीरा बाई :

→ जन्म स्थान - "कुडकी (पाली)"
पिता : रतन सिंह

→ मीरा बाई का पालन पोषण अपने दादा "दुदा" के पास मेड़ता में हुआ

→ मीरा बाई के पति : "भोजराज (सांगा पुत्र, मेवाड़)"

→ मीरा बाई श्री कृष्ण को अपना पति मानकर "सगुण रूप" में पूजा करती थी।

→ मीराबाई के गुरु - "रैदास" (चमार)

→ रैदासजी की छतरी चित्तौड़ के किले में बनी हुई है।

→ मीराबाई द्वारिका के 'रणछोड़ मंदिर' के भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति में विलीन / समा गयी थी।

→ महात्मा गांधी, मीराबाई को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने वाली "सत्याग्रही महिला" मानते थे।

→ मीराबाई को "राजस्थान की राधा" कहा जाता है।

Imp → मीराबाई की पुस्तकें :-

1. रुक्मणी मंगल
2. सत्यभामा नू रुसणो
3. गीत गोविन्द
4. नरसी जी रो मायरो।

(यह पुस्तक रत्ना खाती के सहयोग से लिखी गई)

181

गवरी बाई :

→ "वागड़ की मीरा" कहा जाता है।

→ डूँगरपुर के "महारावल शिवसिंह" ने "बाल-मुकुन्द मंदिर" बनवाया था, जिसे "गवरी बाई का मंदिर" भी कहा जाता है।

भक्त कवि दुर्लभ :

→ इन्हें "वागड़ का नृसिंह" कहा जाता है।

Naveen
(182)

सम्प्रदाय

(1.) वल्लभ सम्प्रदाय /रुद्र/पुष्टिमार्गी सम्प्रदाय :

→ श्री "कृष्ण के बाल - स्वरूप" की पूजा करते हैं।

→ इनके मंदिर को **हवेली** कहा जाता है।

↳ यहाँ गाया जाने वाला संगीत 'हवेली-संगीत'

→ मंदिर में श्री कृष्ण मूर्ति के पीछे दीवार पर /पर्दे पर जो चित्र बनाये जाते हैं उन्हे "**पिछवाई**" कहा जाता है।
(नाथद्वारा की पिछवाई प्रसिद्ध है।)

→ **राजमहल:** वल्लभ संप्रदाय के मंदिर = 41

→ भारत में वल्लभ संप्रदाय के **7 प्रमुख केन्द्र** हैं

1 - U.P. में, 1 - गुजरात में

5 केन्द्र राजस्थान में

1. मथुरेश जी - कोटा
2. श्री नाथ जी - सिहाड (नाथद्वारा)
3. द्वारिकाधीश - कांकरोली (राजसमन्द)
4. गोकुलचन्द्र - कामां (भरतपुर)
5. मदन मोहन - कामां (भरतपुर)

(184)

② रामानन्द जी सम्प्रदाय : (रसिक सम्प्रदाय)

→ इस सम्प्रदाय के लोग "भगवान राम" की पूजा "रसिक नायक" के रुप में करते हैं। इसलिए इसे "रसिक सम्प्रदाय" भी कहा जाता है।

→ "कृष्ण भट्ट" की पुस्तक → "राम रासौ" में राम व सीता की प्रेम कहानी है।

प्रमुख केन्द्र :

① गलताजी → कृष्ण दास "पयहारी" (संस्थापक)

आमेर राजा पृथ्वी राज तथा उसकी रानी बालाबाई, कृष्णदास के अनुयायी थे।

② रैवासा (सीकर) → अग्रदास जी

③ निम्बार्क सम्प्रदाय :

→ मुख्य केन्द्र - सलेमाबाद (अजमेर)

→ संस्थापक - परशुराम

→ इस सम्प्रदाय के लोग राधा जी को श्री कृष्ण की पत्नि मानते हैं।

→ मेला - भाद्रपद शुक्ल 8 (राधाष्टमी)

(4) लालदासी सम्प्रदाय :

→ मुख्य केन्द्र - नंगला जहाज (भरतपुर)

→ संस्थापक - लालदास जी

→ मेव जाति के लकड़हारे थे।

→ गुरु → "गद्दन चिश्ती"

→ इन्होंने अपने उपदेश "मेवाती भाषा" में दिया था।

(5) रामस्नेही सम्प्रदाय :

(185)

→ यह सम्प्रदाय "निर्गुण भक्ति" में विश्वास रखता है।

→ इनके अनुसार राम - दशरथ पुत्र ना होकर यहाँ पर मतलब निर्गुण (निराकार) राम है।

→ इनके मन्दिर को रामद्वारा कहा जाता है।

→ इनके साधु-संत "गुलाबी रंग के कपड़े" पहनते है।

मुख्य केन्द्र :

(1) शाहपुरा (भीलवाड़ा) → रामचरण जी (संस्थापक)
↓
"अणभैवाणी" (पुस्तक)

→ यहाँ पर होली के अगले दिन "फूलडोल का मेला" होता है।

(ii) रेण (नागौर) - दरियावजी

(iii) सीथल (बीकानेर) - हरिरामदास जी
↓ पुस्तक (योग पर)
"निशानी"

(iv) खेड़ापा (जोधपुर) - रामदास जी

NOTE:
जैमलदास - "सींथल" तथा "खेडापा" शाखा के आदि आचार्य है।

परनामी सम्प्रदाय :

→ मुख्य पीठ - पन्ना (M.P.)

→ संस्थापक - प्राणनाथ

→ आदर्श नगर (जयपुर) में भी "परनामी सम्प्रदाय" का मंदिर है।

→ सम्प्रदाय का मुख्य ग्रंथ - "कुजलम स्वरुप"

अलखिया सम्प्रदाय :

→ मुख्य केन्द्र - बीकानेर
→ संस्थापक - स्वामी लाल गिरी
→ सम्प्रदाय का ग्रंथ - अलख स्तुति प्रकाश

नवल सम्प्रदाय :

→ मुख्य केन्द्र - जोधपुर
→ संस्थापक - नवलदास जी
→ ग्रन्थ - नवलेश्वर अनुभववाणी

गूदड सम्प्रदाय :

→ मुख्य केन्द्र - दांतडा (भीलवाडा)
→ संस्थापक - संतदास जी

रामजी राम जी :

→ मुख्य केन्द्र - शिकारपुरा (जोधपुर)
→ पटेल जाति के लोग मुख्य आस्था रखते हैं।
→ इन्होने पर्यावरण संरक्षण का उपदेश दिया था।

* लोकदेवता तथा लोकदेवियों का हमारी संस्कृति में योगदान :-

(1.) सामाजिक सुधार — ① हिन्दु - मुस्लिम एकता
② छुआछुत निवारण - रामदेवजी, पाबूजी
③ नारी सशक्तिकरण
④ बाह्य आडम्बरों का विरोध (मूर्तिपूजा का विरोध)

(2.) पर्यावरण / जीव संरक्षण

(3.) धर्म व राष्ट्रीयता की रक्षा - कल्ला जी, गोगा जी

(4.) कष्टों से निवारण

(5.) नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान

(6) सरल भक्ति पर बल - निर्गुण भक्ति

(7) लोक संस्कृति को प्रोत्साहन - अग्नि, तेरहताली

(8) लोक साहित्य को प्रोत्साहन / लोक भाषा

(9.) चित्रकला को प्रोत्साहन - फड़, पिछवाई

(10.) स्थापत्य कला - मन्दिर

(11.) मेले / त्यौहारों का महत्व
① जीवन में सरसता
② सामाजिक मान्यताओं को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरित
③ आर्थिक लाभ - पर्यटन का विकास, राजस्व प्राप्ति
④ हस्तशिल्प को बढ़ावा - बाजार का केन्द्र

(189)

5. पशुओं की खरीद - बिक्री का मुख्य केन्द्र
6. खेलकूद प्रतियोगिता
7. सामाजिक सौंदार्द
8. मनोरंजन का केन्द्र
9. जनजातियों के मेले से उनकी संस्कृति का परिचय
10. अन्तर्राष्ट्रीय लोकप्रियता

Naveen
(189)

लोकगीत

→ मानव मन की स्वाभाविक अभिव्यक्तियों को लोक गीत कहा जाता है। जो किसी सामाजिक तथा ऐतिहासिक मान्यताओं से जुड़ी रहती है।

(1) **केसरिया बालम :**

→ राजस्थान का राज्य गीत जो "माँड गायन शैली" में गाया जाता है।

→ इसमें पत्नि परदेश गये अपने पति को वापस बुलाती है।

(2) **मोरियो :**

→ ऐसी लड़की द्वारा गाया जाने वाला गीत जिसकी सगाई तो हो चुकी है लेकिन विवाह होना बाकी है।

(3) **कुरजां :**

→ इस कुरजां पक्षी के माध्यम से परदेश गये अपने पति के पास संदेश भेजती है।

कुरजां – साइबेरियन सारस

(191)

(4) सुवटियों :

→ भील महिलाओं द्वारा तोते के माध्यम से अपने पति के पास संदेश भेजा जाता है।

(5) कागा :

→ कौऐ को उड़ाकर महिला अपने परदेश गये पति के वापस आने का शकुन मनाती है।

(6) हिचकी :

→ "मेवात क्षेत्र" (अलवर) का एक लोकगीत है जो किसी की याद आने पर गाया जाता है।

(191)

(7) बिच्छूडो :

→ "हाड़ौती" क्षेत्र का लोकगीत

(8) कामण :

→ दूल्हे को "जादू-टोने से बचाने के लिए" गाया जाने वाला गीत

(9) बधावा :

→ किसी शुभ काम के पूरा हो जाने पर गाया जाने वाला लोकगीत

(10) सीठणे :

→ शादी के समय महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले गालियों वाले गीत

(11) पावणा :

→ दामाद के ससुराल आने पर गाये जाने वाले गीत

(12) हरजस :

→ देवी - देवताओं के "सगुण भक्ति गीत"

(13) चिरजा :

→ लोक देवीओं के लोक गीत / भजन

(14) ओराबा :

→ जैसलमेर क्षेत्र का लोक गीत जो किसी की याद में गाया जाता है।

(15) ढोला - मारू :

→ "सिरोही क्षेत्र" का एक लोक गीत जो ढोला - मारू की प्रेम कहानी पर आधारित है।

→ "ढाढी जाति" के गायकों द्वारा गाया जाता है।

(16) ओल्यू / कोयल :

→ लड़की की विदाई के समय गाया जाने वाला गीत

(17) पीपली :

→ पीपली (पीपल का छोटा पौधा) के माध्यम से पत्नि अपने परदेश गये पति को याद करती है तथा उसको वापस आने के लिए कहती है।

→ "शेखावाटी" तथा "मारवाड़" में "तीज के समय" यह गीत गाया जाता है।

(18) चिरमी :

→ ससुराल में रह रही लड़की चिरमी पौधे के माध्यम से अपने पीहर वालों को याद करती है।

(19) हमसीढो :

→ भील जनजाति द्वारा महिला - पुरुष द्वारा मिलजुल कर गाया जाने वाला लोकगीत

(20) गोरबन्ध :

→ ऊँट के गले का आभूषण होता है। इसे बनाते समय महिलाओं द्वारा गीत गाया जाता है।

→ यह "शेखावाटी क्षेत्र" का लोकगीत है।

(21) पणिहारी : (पानी लेने जा रही महिला)

→ पतिव्रता महिला का लोकगीत

राजस्थान की लोकगायन शैलियाँ

① माँड -

→ प्राचीन समय में "जैसलमेर क्षेत्र" को माँड कहा जाता था। अतः यहाँ विकसित लोकगायन शैली माँड गायकी कहलाती है, जो कालान्तर में सम्पूर्ण राजस्थान में लोकप्रिय हुई।

→ प्रमुख माँड गायिकाएँ :

→ ① अल्लाह जिलाई बाई } बीकानेर
② गवरी बाई } बीकानेर

→ ① गवरी बाई } पाली

→ ① जमीला बानो — जोधपुर

→ ② बन्नो बेगम — जयपुर

→ ③ मांगीबाई — उदयपुर

② मांगणियार :

→ "जैसलमेर, बाडमेर क्षेत्र" में मांगणियार जाति द्वारा विकसित लोकगायन शैली है।

→ प्रमुख वाद्य यंत्र :

→ कमायचा → साकर खाँ मांगणियार

→ खड़ताल → सद्दीक खाँ मांगणियार
↓ "खड़ताल का जादूगर"

सद्दीक खाँ मांगणियार राजस्थान लोक कला अनुसंधान परिषद - जयपुर

③ लंगा :

→ "जैसलमेर, बाड़मेर" क्षेत्र में लंगा जाति द्वारा विकसित लोक गायन शैली

→ मुख्य वाद्य यंत्र :

① कमायचा

② सारंगी

→ मुख्य गीत :

→ "निम्बुड़ा" (गर्भवती महिला द्वारा गाया जाने वाला)

④ तालबन्दी :

→ "ब्रज क्षेत्र" के साधु - सन्यासियों द्वारा विकसित लोक गायन शैली जो राज. के भरतपुर, करौली, अलवर, स. माधोपुर आदि क्षेत्रों में लोकप्रिय हुई।

→ मुख्य वाद्य यंत्र : "नगाड़ा"

राजस्थान के संगीत घराने

घराना	संस्थापक	अन्य कलाकार
① जयपुर (ख्याल गायन शैली)	मनरंग।	① मोहम्मद अली खाँ - कोठी वाले
② पटियाला (जयपुर घराने की शाखा)	① अली बख्श ② फतेह अली (इन्हे "आलिया - फत्तू" भी कहा जाता है।) (टोंक के नवाब ने इनको उपाधि दी थी - "जनरल - करनल")	① गुलाम अली खाँ
③ अतरौली (जयपुर घराने की शाखा)	साहब खाँ	① मानतौल खाँ (रुलाने वाले फकीर)
④ मेवाती	घग्घे नजीर खाँ	① पं. जसराज
⑤ किराना	बन्दे अली खाँ	① भीमसेन जोशी ② रोशन आरा बेगम ③ गंगू बाई हंगल ④ उस्ताद रज्जब अली

घराना	संस्थापक	अन्य कलाकार
⑥ डागर	बहराम खाँ डागर (रामसिंह -II के दरबारी)	
⑦ बीनकार	रज्जब अली खाँ "बीनकार" (रामसिंह-II के दरबारी)	
⑧ अल्लादिया खाँ	अल्लादिया खाँ	किशोरी अमोणकर
⑨ सेनिया घराना	सूरत सेन	अमृत सेन
⑩ रंगीला घराना	रमजान खाँ (मियां रंगीले)	
⑪ कत्थक घराना (जयपुर से शुरू हुआ)	"भानूजी"	

भारत के शास्त्रीय नृत्य :

	राज्य
① भरतनाट्यम	तमिलनाडु (जल्लिकट्टू का खेल यहाँ पर होता है।)
② कुचिपुडी	आन्ध्र प्रदेश
③ कथकली	केरल
④ मोहिनी अट्टम	केरल
⑤ मणिपुरी	मणिपुर
⑥ ओडिसी	ओड़िसा
⑦ सत्रीया। (सबसे अन्त में 2014 में शामिल)	असम
⑧ कत्थक	जयपुर, लखनऊ

* राजस्थान के लोकगीतो की विशेषताएँ :

① हमारे लोकगीतों में पेड़-पौधों को सम्बोधित किया गया है जो हमारे प्रकृति प्रेम को दिखाता है। जैसे चिरमी, पीपली, जीरा

② हमारे लोकगीतों में पशु-पक्षियों को पारिवारिक सदस्य माना है। जैसे : कागा, कुरजां, सुवटियों

③ हमारे लोकगीतों से हमारी सामाजिक मान्यताओं का पता चलता है।

④ लोकगीतों से हमारी संस्कृति एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तान्तरित होती है।

⑤ हमारे लोकगीतों में शृंगार रस का वर्णन हुआ है लेकिन उनमें अश्लीलता नहीं है।

⑥ हमारे लोकगीत विभिन्न जाति-जनजातियों के लिए रोजगार के साधन बने।

⑦ हमारे लोकगीतों से विभिन्न संगीत घराने तथा लोकगायन शैलियाँ विकसित हुई।

⑧ राजस्थान में सामन्ती वातावरण होने के कारण वीर-रस के गीत गाये गये।

⑨ लोक-देवी-देवताओं के गीत निराश मन में आशा का संचार करते है।

⑩ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राजस्थान में विभिन्न लोकगीत गाये गये जिससे राजस्थान में जनजागरण विकसित हुआ जैसे - पद्मिड़ा

⑪ हमारे लोकगीतों से हमारी क्षेत्रीय विशेषताएँ तथा आर्थिक स्थिति का पता चलता है।

राजस्थान के लोक नृत्य

- क्षेत्रीय लोक नृत्य
- जनजातीय लोक नृत्य

* क्षेत्रीय लोक नृत्य :

① घूमर : (राज्य नृत्य)

→ राजस्थान का "राज्य नृत्य"

→ "राजस्थान की आत्मा"

→ केवल महिलाओं द्वारा तीज त्यौहार तथा अन्य अवसर पर किया जाता है।

→ महिलाएँ नृत्य करते समय अपनी धुरी (Axis) पर ही घूमती रहती है।

→ इसमें महिलाओं द्वारा केवल हाथों का लचकदार संचालन किया जाता है।

→ मुख्य वाद्य यंत्र :
  1. ढोल
  2. नगाड़ा
  3. शहनाई

→ नृत्य में 8 चरण होते हैं जिन्हें "सवाई" कहा जाता है।

(202)

(2) कच्छी घोडी :

→ "शेखावाटी क्षेत्र" में पुरुषों द्वारा किया जाने वाला व्यवसायिक लोकनृत्य

→ चार-चार पुरुष 2 पंक्तियों में नृत्य करते हैं। नृत्य करते समय "फूल के खिलने तथा बन्द होने का दृश्य" दिखाई देता है।

→ इसमें पुरुष लकडी की बनी घोड़ी कमर में बाँध कर नृत्य करते हैं। (ऐसे लगता है जैसे घोड़े पर बैठा है।)

(2011)

(3) अग्नि नृत्य :

→ "असनाथी सम्प्रदाय" के लोगों द्वारा किया जाता है।

→ "कतरियासर (बीकानेर)" इसका प्रमुख केन्द्र है।

→ इसमें जलते हुये अंगारों पर नृत्य किया जाता है।

→ नृत्य करते समय "फते-फते" बोलते रहते हैं।

→ नृत्य करते समय "कृषि क्रियाऐं" करते हैं। →(जो भी क्रिया किसान खेत में करता है।)

→ बीकानेर महाराजा गंगासिंह ने इस नृत्य को प्रोत्साहन दिया था।

(4) ढोल नृत्य:

→ "जालौर क्षेत्र" का लोक नृत्य

→ ढोली, माली, सरगड़ा, भील जाति के पुरुषों द्वारा किया जाता है

→ यह नृत्य "थाकना शैली" में किया जाता है।

→ जयनारायण व्यास ने इस नृत्य के कलाकारों को प्रोत्साहन दिया था।

(5) घुड़ला नृत्य:

→ जोधपुर में महिलाओं द्वारा "शीतलाष्टमी से लेकर गणगौर" तक यह नृत्य किया जाता है।

→ यह नृत्य जोधपुर के "राजा सातल" की याद में किया जाता है जिसने घुड़ले खां को मारा था

→ इसमें महिलाएँ "सिर पर छिद्रित मटका रखकर" नाचती हैं। मटके में जलता हुआ दीपक रखा जाता है।

→ मणिशंकर गांगुली, कोमल कोठारी तथा देवीलाल सामर ने इस नृत्य के कलाकारों को प्रोत्साहन दिया था।

- (कोमल कोठारी (व्यक्ति) को 2 बार पद्म पुरस्कार प्राप्त हुआ था)
- कोमल कोठारी ने विजयदान देथा के साथ मिलकर 1960 में "बोरुन्दा (जोधपुर)" में "रूपायन संस्थान" की स्थापना की।
- देवीलाल सामर ने 1952 में उदयपुर में "भारतीय लोक कला मण्डल" की स्थापना की। जो कठपूतली खेल के लिए जाना जाता है।

⑥ तेरहताली नृत्य :

→ "कामड़िया पंथ" की महिलाओं द्वारा रामदेवजी के मेले के समय नृत्य किया जाता है।

→ अब यह एक "व्यवसायिक लोक नृत्य" है।

→ इसमें 9 मंजीरे दाँये पैर में तथा 2 मंजीरे कोहनियों के पास बाँधकर एवं 2 मंजीरे हाथ में लेकर बैठ कर नृत्य किया जाता है। (Total = 13 मंजीरे)

→ नृत्य करते समय महिलाऐं करतब दिखाती हैं।
(मुँह से रुमाल उठाना आदि)

→ मुख्य केन्द्र : पादरला (पाली)
→ मुख्य कलाकार : मांगीबाई
→ वाद्य यंत्र : तानपुरा, चौंतारा

⑦ चरी नृत्य :

→ किशनगढ़ क्षेत्र में "गुर्जर महिलाओं" द्वारा किया जाने वाला लोक नृत्य

→ सिर पर चरी रखकर नाचती है "चरी में जलते हुऐ कपास के बीज" रखे जाते हैं।

→ मुख्य कलाकार : फलकू बाई

फलका- गेहूँ की रोटी सोगरा- बाजरे की रोटी बेजड़ - मिश्रित अनाज की रोटी

(8) भवाई नृत्य :

→ "उदयपुर संभाग" में भवाई जाति द्वारा किया जाने वाला लोकनृत्य

→ इसमें संगीत पर कम ध्यान दिया जाता है तथा करतब अधिक दिखाये जाते हैं।

जैसे : अंगारो पर नाचना
तलवार पर नाचना
सिर पर 7-8 मटके रखकर नाचना

(9) गींदड नृत्य :

→ शेखावाटी क्षेत्र में होली के अवसर पर पुरुषों द्वारा किया जाने वाला लोकनृत्य

→ गोल घेरो में पुरुष डण्डे टकराते हुए नृत्य करते हैं।

→ जो पुरुष महिलाओं के कपड़े पहनकर नाचता है उसे "गणगौर" कहा जाता है।

मुख्य वाद्य यंत्र :- "नगाड़ा"

